चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 329, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 29 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'देश में विचारधारा की लड़ाई, बीजेपी में गुलामी'

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर नागपुर में गरजे राहुल, लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत





**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने गुरूवार को अपना 139वां स्थापना दिवस मनाया। नागपुर में कांग्रेस की विशाल रैली आयोजित की गई है। पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देश में चुनावी संघर्ष के अलावा विचारधारा की लड़ाई हो रही है। उन्होंने कहा, लोगों को लगता है कि यह सत्ता की लड़ाई है, लेकिन इस लड़ाई की नींव विचारधारा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि इसलिए की जाती है क्योंकि वे एक विशेष संगठन से जुड़े होते हैं।

**भाजपा में गुलामी का दावा**

राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नागपुर में कांग्रेस की 'हैं तैयार हम' रैली में दावा किया, 'बीजेपी के एक सांसद, जो पहले कांग्रेस में थे, उन्होंने मुझसे कहा कि बीजेपी में 'गुलामी' चलती है। राहुल ने पूर्व कांग्रेसी नेता के हवाले से कहा, भाजपा में जो ऊपर से कहा जाता है, वो बिना सोचे समझे करना पड़ता है।

**लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत**

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत निर्माण की दिशा में काम किया है और यह पार्टी संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित है। कांग्रेस गुरुवार को अपने स्थापना दिवस के मौके पर नागपुर में एक विशाल रैली करने जा रही है और इसे औपचारिक रूप से पार्टी की लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत माना जा रहा है।

**मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कांग्रेस का उद्देश्य**

मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य जनता का कल्याण और देश के लोगों की प्रगति है।

### देश की लगाम हिंदुस्तान की जनता के हाथ में होनी चाहिए: राहुल



**वोटिंग के** अधिकार पर बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संविधान हिंदुस्तान के हर नागरिक को एक वोट देता है। गांधी और नेहरू जेल गए। अंबेडकर ने सालों संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा कहती है कि देश की लगाम हिंदुस्तान की जनता के हाथ में होनी चाहिए और देश को जैसे पहले राजा चलाते थे वैसे नहीं चलाया जाना चाहिए। हम जनशक्ति, लोकशक्ति की बात करते हैं। आप हमारे सभी कानून देखिये। आजादी की लड़ाई राजा-महाराजाओं ने नहीं, बल्कि देश की जनता ने लड़ी थी। राजा-महाराजाओं की अंग्रेजों से पार्टनरशिप थी। आजादी की लड़ाई अंग्रेजों और राजा-महाराजाओं दोनों के खिलाफ थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब जनता के लिए लड़ी थी। राजा-महाराजाओं और अंग्रेजों के बीच पार्टनरशिप थी और इसी के खिलाफ कांग्रेस ने लड़ाई लड़ी।

**राहुल गांधी ने किया ट्वीट**

कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'उन्हें गर्व है कि वह कांग्रेस जैसे संगठन का हिस्सा हैं, जिसका आधार सच्चाई और अहिंसा है और प्रेम, सम्मान और समानता इसके स्तंभ हैं। वहीं देशभक्ति इसकी छत है।' बता दें कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार का आज आगाज कर रही है।

### 'कांग्रेस, संसदीय लोकतंत्र पर आधारित भारत में विश्वास रखती है'



**कांग्रेस, सं**सदीय लोकतंत्र पर आधारित भारत में विश्वास रखती है, जहां बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समान अवसर मौजूद हों। पार्टी ऐसा देश बनाना चाहती है, जहां संविधान में मौजूद राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों का पालन किया जाए।' खरगे ने पोस्ट में लिखा कि 'हमें इस बात पर गर्व है कि बीते 138 सालों में हमने पूरी ईमानदारी से ऐसा भारत बनाने के लिए संघर्ष किया है। कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं।' पार्टी के स्थापना दिवस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी मुख्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया। इस दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**राहुल गांधी ने किया ट्वीट**

कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'उन्हें गर्व है कि वह कांग्रेस जैसे संगठन का हिस्सा हैं, जिसका आधार सच्चाई और अहिंसा है और प्रेम, सम्मान और समानता इसके स्तंभ हैं। वहीं देशभक्ति इसकी छत है।' बता दें कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार का आज आगाज कर रही है। इसके लिए महाराष्ट्र के नागपुर में 'हैं तैयार हम' रैली का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को बताया कि रैली में पार्टी भाजपा की हार और बदलाव का संदेश देगी।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वनवासी कल्याण आश्रम में भव्य स्वागत

**रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर नगर पहुंचने पर आज पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव का पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने वनवासी कल्याण आश्रम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कल्याण आश्रम के द्वारा वनवासियों के हितों के संरक्षण और उनकी बेहतरी के लिए यहां चलायी जा रही गतिविधियां प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि आश्रम की गतिविधियों से मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। आश्रम वनवासियों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, स्वावलंबन की अलख जगाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और अंचल के जनजातीय समुदाय को इसका लाभ मिल रहा हैं। जशपुर नगर में वनवासियों के कल्याण के लिए 1952 में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की गई थी।

### प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को अबू धाबी में करेंगे मंदिर का उद्घाटन

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 14 फरवरी को अबू धाबी में अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने आज बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्थान (बीएपीएस) का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। इस मंदिर की आधारशिला भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर किसी भी मुस्लिम देश में बनने वाला यह सबसे भव्य और पहला मंदिर होगा। बीएपीएस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि शनिवार की सायंकाल उनके बोर्ड का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से उनके आवास पर मिला था। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व स्वामी ईश्वरचन्द्र दास और स्वामी ब्रह्मबिहारी दास कर रहे थे।

## भारत पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हारा, द. अफ्रीका ने सीरीज में ली 1-0 की बढ़त



**सेंचुरियन**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला भारत सेंचुरियन में पारी और 32 रन से हार गया। गुरुवार (28 दिसंबर) को मैच के तीसरे दिन टीम इंडिया दूसरी पारी में 131 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 245 रन बनाए थे। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बनाए। अफ्रीकी टीम ने पहली पारी में 163 रन की बढ़त मिली थी। दक्षिण अफ्रीका ने मैच जीतकर सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हार गई है। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम का पहली बार दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जीतने का सपना भी टूट गया। अब तीन जनवरी से केपटाउन में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। भारतीय टीम की नजर उस मैच को जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर करने पर होगी।

## कतर में पूर्व नौसैनिकों को मिली मौत की सजा पर रोक, फैसले के 63 दिन बाद आई राहत



**नई दिल्ली**

**कतर की** एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को बड़ी राहत दी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को दी गई मौत की सजा को रोक दिया गया है। बता दें जासूसी के एक कथित मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की अदालत ने अक्तूबर में मौत की सजा दी थी। दोहा स्थित दहरा ग्लोबल के सभी कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों को अगस्त 2022 में हिरासत में ले लिया गया था। भारत ने पिछले महीने मौत की सजा के खिलाफ कतर स्थित अपीली अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

**किस मामले में पूर्व नौसैनिकों को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी?**

26 अक्तूबर को कतर की राजधानी दोहा में अल दहरा कंपनी के आठ सेवानिवृत्त भारतीय कर्मचारियों को मौत की सजा सुनाई गई थी। यह फैसला कतर के कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टांस द्वारा सुनाया गया था। इन सभी पर पनडुब्बी कार्यक्रम पर कथित रूप से जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेवानिवृत होने के बाद ये सभी नौसैनिक कतर की निकंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉएवं कंसल्टेंसीज सर्विसेज में काम कर रहे थे। यह कंपनी कतरी एमिरी नौसेना को ट्रेनिंग और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी खुद को कतर रक्षा, सुरक्षा एवं अन्य सरकारी एजेंसी की स्थानीय भागीदार बताती है।

## पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए पानी की एक बूंद भी नहीं: भगवंत मान



**चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सतलुज-यमुना लिंक (एस.वाई.एल.) नहर के निर्माण का सवाल ही पैदा नहीं होता, क्योंकि राज्य के पास किसी को देने के लिए पानी की एक बूंद भी नहीं है। केंद्रीय जल संसाधन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा गुरुवार को बुलाई गई अंतरराज्यीय बैठक में पंजाब के केस को जोरदार ढंग से रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को अपनी सिंचाई जरूरतें पूरी करने के लिए 54 एम.ए.एफ. से अधिक पानी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब के पास केवल 14 एम.ए.एफ. पानी है, जो किसानों को दिया जा रहा है। भगवंत मान ने कहा कि ऐसे हालात में किसी अन्य राज्य को पानी की एक बूंद भी देने का सवाल ही पैदा नहीं होता और पंजाब एस.वाई.एल. का निर्माण का सख़्ती से विरोध करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतलुज नदी पहले ही सूख चुकी है और इसमें पानी की एक बूंद भी देने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब के पास हरियाणा को देने के लिए कोई अतिरिक्त पानी नहीं है और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार पानी की उपलब्धता का फिर से मूल्यांकन करना जरूरी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) में भूजल का स्तर बहुत नीचे जा चुका है, जहां पानी निकालने का पड़ाव 100 प्रतिशत को पार कर गया है जबकि हरियाणा में केवल 61.5 प्रतिशत (143 में से 88) ब्लॉकों में पानी का स्तर नीचे गया है।

## महर्षि वाल्मिकी के नाम पर होगा अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम

**अयोध्या**

**अयोध्या** एयरपोर्ट का नाम अब महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम कर दिया गया है। गौरतलब है कि अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर अयोध्या धाम कर दिया गया था। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम स्टेशन नाम रखने की इच्छा जताई थी। इसके बाद ही रेल मंत्रालय ने अयोध्या जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या धाम जंक्शन कर दिया। बुधवार को इसका आदेश जारी किया है।

**16 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे स्टेशन व रेलवे लाइन दोहरीकरण के साथ कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात अयोध्या को देंगे। पीएम के लोकार्पण और शिलान्यास की सूची में लगभग 16 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खासतौर से फोकस है। चार प्रमुख पथों का भी लोकार्पण होगा। प्रदेश के अन्य जिलों की कुछ परियोजनाएं भी शामिल की गई हैं।

## एकता के दावों के साथ दिल्ली में जेडीयू नेताओं की बैठक,

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में 29 दिसंबर को होने वाली जेडीयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में क्या नया होने जा रहा है और पार्टी में खींचतान की खबरों के बीच लोकसभा चुनावों को लेकर क्या रणनीति बनने जा रही है, यह जल्दी ही साफ हो जाएगा। माना जा रहा है कि इस बैठक में कोई बड़ा फैसला हो सकता है। हालांकि बैठक से एक दिन पहले पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह ने उन अफवाहों का खंडन किया है कि वह इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि मीडिया में यह खबरें भाजपा की ओर से जानबूझ कर उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जेडीयू एक है और एक ही रहेगा। दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दिल्ली पहुंचने से पहले साफ किया कि पार्टी में सबकुछ सामान्य है और कार्यकारिणी की यह सालाना बैठक है।

# 'अविस्मरणीय होगा पीएम का राममय अयोध्या में आगमन'



**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने आगामी 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही व दयाशंकर सिंह तथा महापौर अयोध्या सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वर्ष 2023 की विदा वेला पर धर्मनगरी अयोध्या में आदरणीय प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में विकास के नए युग के प्रारंभ करने वाली होगी। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं के उपहार भी मिलेगा। प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो। पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं। भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों। प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दें। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री का अभिनन्दन किया जाना है। उनसे संवाद बनाएं। यह रोड शो जनता के लिए है, ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री का यह अयोध्या दौरा अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने वाला होगा। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है, इसके दृष्टिगत भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा में आसपास के जनपदों से डेढ़ से 2 लाख आम नागरिकों के आने की संभावना के दृष्टिगत सभी तैयारियां और अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आने वाले नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। भीड़ प्रबंधन पर फोकस करें। जनसभा स्थल एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर वाहनों की पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था हो और उन पार्किंगों के पास पर्याप्त जन सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाए। चिकित्सकों की तैनाती करें। यह समारोह बड़ा है। बड़ी संख्या में जनभागीदारी होगी। इसलिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। एरियल सर्विलांस भी हो। वदीर्धारी सुरक्षाकर्मियों के अलावा सादी वर्दी में भी पुलिस की तैनाती की जाए। प्रधानमंत्री के सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन करायें। निकटवर्ती जिलों के प्रशासन से संवाद कर यातायात प्रबंधन की रणनीति लागू करें। लखनऊ-गोरखपुर मार्ग पर कहीं जाम न लगे। डायवर्जन के बारे में समय से प्रचार-प्रसार करें। प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट को आकर्षक ढंग से सजाएं। रूट में पड़ने वाली दुकान/व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुली रहें।

# शीतलहर ठंड कोहरे के बाद भी मेजा क्षेत्र में नहीं जलाए गए अलाव

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शीतलहर ठंड कोहरे के बीच गांव गांव प्रमुख स्थानों चौराहा बाजार सार्वजनिक स्थल अस्पताल स्कूल कॉलेज सरकारी कार्यालय थाना पुलिस चौकी रेलवे स्टेशन बस स्टैंड टेंपो स्टैंड पर अलाव जलाने का निर्देश योगी सरकार ने दिया है लेकिन योगी सरकार के अन्य निर्देशों की तरह अलाव जलाने का निर्देश भी केवल अधिकारियों के कार्यालय की मीटिंग और सरकारी अभिलेखों तक सीमित रह गया है।

जिले के समस्त नगर पंचायत नगर पालिका सहित प्रमुख प्रमुख चौराहा सार्वजनिक स्थलों रेलवे स्टेशन बस स्टॉप अस्पताल स्कूल कॉलेज बाजार पुलिस थाना पुलिस चौकी ब्लॉक कार्यालय आदि स्थानों पर अलाव जलाए जाने की पर्याप्त व्यवस्था कई



शीतलहर ठंड कोहरे के बाद भी नहीं दिखाई पड़ रही है जहां अलाव जलाए भी गए हैं गीली लकड़ियां रख दी गई है मिट्टी के तेल की व्यवस्थाएं नहीं है जिससे लकड़ियाँ कुछ जलने के बाद ठंडी पड़ जाती हैं अलाव की लकड़ियों में केवल धुआं उठ रहा है पराली जलाने पर तो सरकार मुकदमा दर्ज कर रही है लेकिन अलाव की गीली लकड़ियाँ जलाने में उठने वाले धुएं के बाद सरकार किस पर मुकदमा दर्ज कराएगी। कोहरे शीत लहर में रेलवे स्टेशन बस स्टॉप सार्वजनिक स्थल मुख्य चौराहा अस्पताल स्कूल कॉलेज सरकारी कार्यालय थाना पुलिस चौकी ब्लाक आदि महत्वपूर्ण स्थान पर ठंड से बचाव के पर्याप्त संसाधन नहीं है सड़कों पर लोग ठंड से कांप रहे हैं हालांकि संबंधित जिम्मेदार पर्याप्त अलाव जलाने की बात कर रहे हैं जो बकवास साबित हो रहा है अलाव जलाए जाने के नाम पर सरकारी कार्यालय में बड़ा भ्रष्टाचार पनप रहा है लेकिन इस भ्रष्टाचार की जांच कौन करेगा जितनी लकड़ियां बिल वाउचर लगाकर खरीदी जाती है वास्तविकता में उतनी लकड़ियां अलाव में नहीं जलाई जाती है फर्जी बिल वाउचर के सहारे अलाव की लकड़ी का भुगतान कर जिम्मेदार अधिकारी मालामाल हो रहे हैं आम जनमानस गरीब कमजोर मजलूम और सार्वजनिक स्थान पर पहुंचने वाले लोग हाड़ कपाने वाली शीतलहर ठंड कोहरे में काँप रहे हैं ठंड के प्रकोप के चलते तमाम सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है अलाव जलाए जाने के नाम पर सरकारी कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार के मामले की यदि उच्च स्तरीय जांच कराई गई तो नगर पंचायत से लेकर विभिन्न कार्यालय के भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा होना तय है लेकिन आम जनता का कहना है कि भ्रष्टाचार का खुलासा हो या ना हो हाड़ कपाने वाली शीतलहर ठंड कोहरे में सरकार और अधिकारी सार्वजनिक स्थल गली चौराहा रेलवे स्टेशन बस स्टॉप अस्पताल स्कूल कॉलेज बाजार आदि प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त सुखी लकड़ियां उपलब्ध कराकर 24 घंटे अलाव जलाने की व्यवस्था कर दे जिससे गरीब कमजोर मजलूम लोगो को शीतलहर ठंड कोहरे से राहत मिल सके।

## बाहरी लड़कों ने स्कूल में घुसकर किया बवाल

### छात्राओं से की अभद्रता, टॉपरों पर किया जानलेवा हमला

### हमलावरों के खिलाफ प्रधानाचार्य ने थाने में दी तहरीर

**हनुमानगंज।** श्री हनुमान इंटर कॉलेज सराय लाहुरपुर, हनुमानगंज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान गुरुवार को बाहरी अराजकतत्वों ने छात्राओं से अभद्रता की तथा खेल स्पर्धा में औव्वल आने वाले दो छात्रों को जाति सूचक गालियां देते हुए जान लेवा हमला बोल दिया। किसी तरह विद्यालय के शिक्षकों ने हमलावरों के चंगुल से छुड़ाकर दोनों छात्रों की जान बचाई। प्रधानाचार्य ने थाने में हमलावर लड़कों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पीड़ित छात्र सूरज कुमार व अंकित कुमार ने भी पुलिस को तहरीर दिया है। प्रधानाचार्य आनंद पांडेय ने बताया कि यहां पढ़ने वाले कुछ उपद्रवी बच्चों का नाम एक वर्ष पूर्व काट दिया गया था। किंतु वे एक पेशेवर अपराधी की शह पर आए दिन स्कूल के गेट पर उपद्रव करते हैं। गुरुवार को भी उन्हीं लड़को ने स्कूल में घुसकर मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने बताया कि स्कूल में अराजकता फैलाने वाले लड़को के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में बताई गयी सरकार की योजनाएं



**उतरांव।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के गरीबों की बहुत चिंता है इसलिए हर एक ग्रामसभा मे विकसित भारत संकल्प योजना का कार्यक्रम कराया जा रहा है। ताकि लोगो को इसका लाभ मिल सकें। यह योजना देश और प्रदेश के एक एक गांव मे योजना के लाभ से कोई छूट न पाए।विकसित संकल्प यात्रा के तहत लोगो को जागरूक किया जा रहा की पात्र लोग योजना का लाभ उठा सकें । यह बात ब्लाक सैदाबाद के ग्रामसभा बरेठी मे मुख्य अतिथि सैदाबाद ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह ने कहाँ। बुधवार को ग्रामसभा बरेठी माधोराम का पुरा गांव पहुँचे। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे कहाँ विकसित भारत संकल्प यात्रा मे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की बहुत सारी योजनाए के बारे मे लोगो को बताया जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि योजना प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रहीं योजनाए की जानकारी दी।और आगे कहाँ कि यहां पर मौजूद कर्मचारी जो पात्र लोग है। उनको इसका लाभ मिलना चाहिए तभी देश के प्रधानमंत्री का सपना पूरा होगा।आगे कहाँ कोरोना जैसी भयंकर बीमारी मे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सभी नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए पूरा प्रयास किया लोगो को मुफ्त मे राशन दिया कोरोना से बचाव के देश एक एक नागरिक को मुफ्त मे कोविड का इंजेक्शन लगाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा बरेठी के सैदाबाद के विकास खण्ड अधिकारी रामखेलावन सेठ और साथ मे ब्लाक व कृषि विभाग के कर्मचारी वअधिकारी मौजूद रहे।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि महेश्वर मिश्रा, राजू शुक्ला, चंद्रमणि पांडे, खुन्ना पांडे, संतोष श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पाल, रामबाबू सिंह प्रधान, ग्राम प्रधान बरेठी के रामदीन भारतीया सभी आये हुए भाई बहनों का आभार व्यक्त किया।

## एक सप्ताह से फूंका ट्रांसफार्मर न बदलने से ग्रामीण परेशान

**मेजा।** मेजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुआ कला मोजरा गौरा मे एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर फुंकने से ग्रामीण बूद बूद पानी के लिए परेशान हैं। बिजली विभाग मे बार बार शिकायत करने के बावजूद ट्रांसफार्मर नही बदला जा सका। यूपी बोर्ड परीक्षा के तैयारी मे लगे विद्यार्थियों को पढ़ाई मे अवरोध पैदा हो रहा जिससे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। क्योंकि बोर्ड परीक्षा मे महज एक माह शेष हैं। वहीं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्र भी प्रभावित हैं। अविनाश कुशवाहा, सुनील प्रजापति, ने बताया कि एक हफ्ते से ट्रांसफार्मर फुंकने से पूरे गांव में अधेरा होने से ग्रामीण पानी की समस्या बढ़ गई।

## 150 कम्बल जरूरत मंद गरीबों को बांटा, लोगों ने सराहना की

**मांडा।** सिकरा ग्राम प्रधान गणेश चन्द्र मौर्य ने बढ़ती ठंड से निजात पाने के लिए 150 जरूरत मंद गरीबों को ऊनी कम्बल वितरित किया। वहीं गरीब, असहाय महिलाएं कम्बल पाकर खुश हुई और उनके पुण्य कार्यों को सराहा।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी देना ही संकल्प यात्रा का लक्ष्य: रेखा सिंह

### सिकरा व दंडपानपुर में धूम धाम से कार्यक्रम सम्पन्न, महिलाओं की हुई गोद भराई बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खंड मांडा क्षेत्र सिकरा ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराये गए इस संकल्प यात्रा के तहत कोई भी ग्रामीण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अछूता न रह जाए, इसके लिए संकल्प यात्रा के जरिए





ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताई कि योजनाओं का लाभ कैसे गरीब पात्र ले सकते हैं। आदि के बारे में भी उन्हें जागरूक किया जा रहा है। वही बीडीओ मांडा अमित कुमार मिश्र ने अपने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांवो में यह यात्रा निकाली जाए्। उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में संक्षिप्त रूप से बताए। इसके बाद कार्यक्रम में आई गर्भवती महिलाओ की गोद भराई व छः माह पुरा कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत केसरवानी, समाज कल्याण अधिकारी रवि प्रकाश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी बृजेश द्विवेदी, सीडीपीओ मांडा रमेश कुमार, सुपरवाइजर सविता गुप्ता, मनोज जायसवाल, टीए भोला नाथ पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, प्रधान प्रदीप कुमार कनौजिया, डॉ सत्य नारायण पटेल, समर बहादुर बिंद, बब्लू यादव रविन्द्र कुमार, भाजपा नेता मांडवी शरण द्विवेदी, राज मणि, दंडपानपुर प्रधान बरम दीन,सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान गणेश चन्द्र मौर्य व दंडपानपुर प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण मौर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

## न्यूज झरोखा

### राजकीय आईटीआई नैनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ



**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के प्रांगण में कैंपस प्लेसमेंट हुआ जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनी सम्मिलित हुई। कम्पनी प्रतिनिधि के रूप एच आर शैलेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कम्पनी में कुल 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया और 40 बच्चों का सलेक्शन साक्षात्कार के आधार पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लेसमेंट प्रभारी अजय कुमार के द्वारा किया गया। प्लेसमेंट मेले में मुख्य रूप से सहायक प्लेसमेंट प्रभारी शहजाद अहमद खान सहायक सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार कुशवाहा अनुदेशिका ज्योति पाण्डेय, अनुदेशिका अंजलि मिश्रा के द्वारा विशेष सहयोग किया गया। ये जानकारी सहायक प्लेसमेंट प्रभारी शहजाद अहमद खान ने दी है।

### सुरक्षित यात्रा के लिए ट्रैफिक नियम का पालन जरूर करें : पंकज त्रिपाठी



**उतरांव।** सुरक्षित यात्रा करने के लिए सड़क सुरक्षा नियम का पालन सभी को जरूर करना चाहिए ट्रैफिक नियम का पालन करने से हम सब सुरक्षित अपने स्थान पर पहुँच जाते है।गुरुवार को उतरांव थाना अन्तर्गत के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज नीमीथरिया कालेज के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकला गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली मे उतरांव थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी कालेज मे पहुंचकर सड़क सुरक्षा यातायात नियम का पालन सभी को जरूर करना चाहिए और छात्र छात्राओं के अलावा उपस्थित सभी लोगो को सड़क सुरक्षा नियम की जानकारी दी।थाना अध्यक्ष ने कहाँ गाड़ी चलाते समय हेलमेट और बेल्ट का प्रयोग जरूर करे। गाड़ी को तेज रफ्तार व शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाना चाहिए। सड़क सुरक्षा ट्राफिक नियम का पालन सभी को जरूर करना चाहिए। सड़क सुरक्षा यातायात नियम जागरूकता रैली कालेज से निकलकर निमिथरिया चौराहे व गांव से होते बारीभीट भूषण्ड गांव मे पहुंचकर लोगो को जागरूक किया। इस मौके पर कालेज के प्रबंधक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य विनय कुमार, उपेंद, बीरेंद्र,एकांतबहादुर, दिव्या, सोनम आदि अध्यापक व अध्यापिका मौजूद रहे।

### नशेड़ियों और नाबालिग के हाथों में ई रिक्शा का स्टेयरिंग पकडा देने से हो रही है दुर्घटनाएं



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में नशेड़ियों और नाबालिगों के हाथों में ई रिक्शा का स्टेयरिंग पकडा देने से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं से लोग हैं भयभीत। पूर्व हो चुकी है मौतें। मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों ई रिक्शा की रोज बढ़ोत्तरी हो रही है। बताया गया है कि मौजूदा समय लगभग छह सौ से अधिक ई रिक्शा नगर पंचायत मऊआइमा से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रेंग रहे हैं। बताया गया है कि ई रिक्शा नशेड़ियों और नाबालिगों के चलाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। बताया गया है कि विगत माह सराय ख्वाजा के पास ई रिक्शा से जख्मी एक की मौत उपचार के दौरान हो गई थी।इसी प्रकार मऊदोस्तपुर में ई रिक्शा ने एक वृद्ध को धक्का मार दिया था। उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई थी।बताते हैं कि ई रिक्शा चालकों द्वारा नशे में धुत रहने के कारण रोजमर्रा दुर्घटनाएं हो रही हैं। बताया गया है कि ई रिक्शा चालकों के पास किसी के पास न लाइसेंस है न ही इनके रिक्शे के पीछे कोई नम्बर होता है।यह मनमानी ढंग से सड़कों पर दौड रहे हैं।

# आलू की फसल में पिछेता-झुलसा बिमारी के रोकथाम के लिए करें दवा का छिड़काव

**प्रयागराज।** जिन किसान भाइयों ने आलू की फसल में अभी तक फंफूदनाशक दवा का पर्णीय छिड़काव नही किया गया है या जिनकी आलू की फसल में अभी पिछेता-झुलसा बिमारी प्रकट नही हुई है उन सभी किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि वे मैन्कोजेब/ प्रोपीनेट/ क्लोरोथेलोनील युक्त फूफदनाशक दवा का रोग सुग्राही किस्मों पर 0.2-0.25 प्रतिशत की दर से अर्थात 2.0-2.5 किलोग्राम दवा 1000 ली0 पानी में घोलकर प्रतिहेक्टेयर छिड़काव तुरन्त करें साथ ही साथ यह भी सलाह दी जाती है कि जिन खेतो में बिमारी प्रकट हो चुकी हो उनमें किसी भी फंफूदनाशक-साईमोक्सेनिल +मैन्कोजेब का 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (1000 ली0 पानी) की दर से अथवा फेनोमिडोन+मैन्कोजेब का 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर



(1000 ली0 पानी) की दर से अथवा डाईमेथोमार्फ 1.0 किलोग्राम+ मैन्कोजेब का 2.0 किलोग्राम (कुल मिश्रण 3.0 किलोग्राम) प्रति हेक्टेयर (1000 ली0 पानी) की दर से छिड़काव करें। फंफूदनाशक को 10 दिन के अन्तराल पर दोहराया जा सकता है, लेकिन बिमारी की तीव्रता के आधार पर इस अन्तराल को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। किसान भाइयों को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि एक ही फंफूदनाशक को बार-बार छिड़काव न करें एवं बारिश के दौरान फंफूदनाशक के साथ स्टीकर को 0.1 प्रतिशत की दर (1.0 मिली0 प्रति ली0 पानी) के साथ मिलाकर प्रयोग करें। यह जानकारी उप निदेशक उद्यान ने दी है।

# कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं

**जंघई।** जीवन की किसी भी शुभ शुरूवात के लिए लोग अखंड रामायण का पाठ करवाते हैं।मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्रीराम के गुणों का बखान करने वाली श्रीराम चरितमानस का पाठ अनंत काल से होता चला आ रहा है।जीवन की मंगल कामना के लिए किया जाने वाला यह पाठ अत्यंत ही शुभ फलदायक है।इसी क्रम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रयागपुर गांव में पूर्व प्रधान रमाशंकर पांडेय, रमाकांत पांडेय, प्रमोद पांडेय के निवास पर श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक पाठक राष्ट्रीय मानस प्रचारक जमशेदपुर टाटा, भदोही के सुप्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ भोलानाथ दुबे, शिवानी दुबे, राज दुबे एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न धुनों में भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया गया जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो गया।अखंड रामायण पाठ संपन्न होने पर हवन पूजन पूणार्हुति आरती महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनंजय सिंह पूर्व सांसद जौनपुर, अनिरुद्ध त्रिपाठी जिला पंचायत अध्यक्ष भदोही, भाजपा नेता रमेश चंद्र पांडेय परिजनों में विनोद पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, राजीव पांडेय, संजीव पांडेय, मनोज पांडेय, पवन पांडेय, मनीष पांडेय, अवनीश पांडे हरीश पांडे अविनाश पांडेय, अनुराग





पांडेय, रजनीश पांडेय शनी, यश पांडेय, जय पांडेय, हर्ष पांडेय, हर्षित पांडेय, परी पांडेय, रुद्री पांडेय, श्रीविका पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

शंकरगढ़.नगर के सिंधी टोला में स्थित न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हो गया। तीन दिवसीय न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद समारोह 26 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था। इस खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर की दौड़ ,200 मीटर की दौड़, कबड्डी ,ऊंची कूद, लंबी कूद, वॉलीबॉल, फुटबॉल, गोला फेंक आदि खेल आयोजित किए गए। 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में कक्षा 9 की अंशिका मिश्रा तथा कक्षा 7 के यश द्विवेदी प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रकार ऊंची कूद में बालक वर्ग में कक्षा 7 के दीपक सिंह प्रथा, कक्षा 8 के शशांक सिंह द्वितीय और कक्षा 9 के कपि शंकर तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। खेल के समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक

### ऊंची कूद में दीपक और 200 मीटर में अंशिका ने मारी बाजी

प्रकाश चंद मिश्रा ने कहा कि खेल कूद से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। इसलिए पढ़ाई में खेलकूद का होना बहुत आवश्यक है । उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका जाह्नवी जायसवाल , साक्षी पांडेय, संध्या सिंह , सुमन सिंह , रितु सिंह , शिक्षक दल बहादुर सिंह, प्रहलाद तिवारी,अनुराग तिवारी, इंद्रजीत मिश्र ,योगेश पांडेय समेत तमाम शिक्षक, शिक्षिका व छात्र मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने उसूलों को जज्बातों की तरह निभाया है : अरुण तिवारी



**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस करछना में आयोजित गुरुवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस करछना के विंध्यवासिनी मंदिर के पास आयोजित हुआ कार्य क्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष पद आकाश पाण्डेय ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी प्रयागराज यमुना पार अध्यक्ष अरुण तिवारी जी ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर आजादी के दीवानों भारत माँ के महान सपूतों की गाथा विस्तार से बताया एवं समस्त ब्लाकों से आये हुए समस्त पदाधिकारियों कार्य कताओं का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन किया। वरिष्ठ नेता दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश का इतिहास रचा है आज भारत वर्ष में जो भी देश हित में कार्य हुए सब कांग्रेस की देन है। कांग्रेस के साथियों कार्यकताओं पदाधिकारियों को घरों से निकल कर जनता के बिच मे जाना होगा आने वाला समय कांग्रेस का है। संचालन महा सचिव एवं प्रदेश कार्यकारणी के सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी ने किया डा सोनी ने पदाधिकारियों कार्यकताओं का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया अपना सम्बोधन देने वालों में सर्व श्री डा शीतला प्रसाद पाण्डेय रंगराज सिंह राम छविले मिश्रा रजनीश मो इस्लाम बबलू गजेन्द्र तिवारी सन्तोष मिश्रा जी जी अतुल तिवारी इंटक सन्तोष पाण्डेय पूर्व प्रधान सुरेश कुमार पटेल अनिल मिश्रा अलाउद्दीन नेता भूपेंद्र पाण्डेय नागेश पाण्डेय आशीष मिश्रा संजय कुमार मिश्र राजेश तिवारी सन्तोष द्विवेदी पवनेश कुमार सोनी अमित कुमार आचार्य जी वृजेश पटेल दरोगा डाअर्चना यादव जूली सिंह सरोज मिश्राचन्द्र पद काश दिवेदी धर्मेन्द्र दिवेदी शिव लाल रविवार सिंह अकाल बहादुर कुशवाहा राज कुमार पटेल दरोगा आदि मौजूद रहे।

# जूनियर शिक्षक संघ: संजय सिंह अध्यक्ष, गिरिजाशंकर बने मंत्री



**शंकरगढ़।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) की शंकरगढ़ ब्लाक इकाई का चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ, जिसमें संजय सिंह अध्यक्ष व गिरिजाशंकर मंत्री चुने गए। विकास खंड शंकरगढ़ के पीएमश्री विद्यालय भोंड़ी में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का सर्वसम्मति से चुनाव करवाया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को पीएमश्री विद्यालय भोंड़ी में चुनाव पर्यवेक्षक

### पीएमश्री विद्यालय में हुआ शंकरगढ़ ब्लाक इकाई का चुनाव

दिलीप कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री बृजेंद्र सिंह, जिला महामंत्री रुद्रप्रताप की देखरेख में शंकरगढ़ ब्लाक इकाई का चुनाव हुआ, जिसमें संजय सिंह ब्लाक अध्यक्ष, पद्माकर सिंह, सुधा सिंह, शालिनी राजपाल उपाध्यक्ष, गिरिजाशंकर श्रीवास्तव मंत्री, नीरज कुमार संयुक्त मंत्री, रमेश कुमार सिंह लेखाकार व शिव पूजन सिंह आय व्यय निरीक्षक चुने गए। कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में राजेश सिंह पटेल जिलाध्यक्ष (जूनियर शिक्षक संघ) मौजूद रहे। उन्होंने सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इस मौके पर नृपेंद्र सिंह, विजय सिंह, अनिल सिंह, जीतेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, शेष प्रताप सिंह, संध्या सिंह, कीर्ति श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

# एक दिन पूर्व गायब हुए मासूम बच्चे की हत्या

**औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़ी हल्दी गांव में बुधवार की शाम को घर के सामने खेलते हुए गायब हो गया था, तमीम उर्फ बाबू**

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र के बड़ी हल्दी गांव में एक मासूम की सिर में मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव घर के पीछ स्थित एक खंडहरनुमा मकान में मिला। वह बुधवार की शाम को घर के सामने खेलते हुए गायब हो गया था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। औद्योगिक क्षेत्र। थाना के बड़ी हल्दी गांव निवासी मोहम्मद कामरान सिद्दीकी का आठ वर्षीय बेटा तमीम उर्फ बाबू बुधवार शाम को घर के सामने खेलते खेलते कहीं लापता हों गया था। काफी खोजने के बाद जब उसकी जानकारी नहीं मिली तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। गुरुवार की सुबह तमीम का शव घर के पीछे स्थित तालाब के पास मिला है बुधवार की शाम को घर के सामने खेलते हुए गायब हो गया था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र थाना के बड़ी हल्दी गांव निवासी कामरान का आठ वर्षीय बेटा तमीम उर्फ बाबू बुधवार शाम को घर के सामने खेलते खेलते कहीं लापता हो गया था। काफी खोजने के बाद जब उसकी जानकारी नहीं मिली तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। गुरुवार की सुबह तमीम का शव घर के पीछे स्थित तालाब के पास पड़ा मिला। सूचना पर परिवार और गांव वाले पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि मासूम की हत्या की गई है। मासूम के सर पर गंभीर चोट के निशान हैं। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों की तहरीर पर बच्चे के अपहरण का मुकदमा रात को ही दर्ज कर लिया गया था। सुबह घर के पीछे तालाब के पास उसका शव मिला है। उसके सिर पर चोट के निशान हैं। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। गांव के दो संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। मामले की जांच पड़ताल चल रही है।





## गृहकर निर्धारण स्वकर रिटर्न की अन्तिम तिथि 31 मार्च 2024 तक बढाई गयी

**प्रयागराज।** महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा नगर निगम प्रयागराज के भवन स्वामियों के हित में जी0आई0एस0 बिलों के सापेक्ष स्वकर निर्धारण प्रपत्र भरकर नगर निगम में दाखिल करते हुए टैक्स जमा करने की पूर्व निर्धारित अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 से बढाकर 31 मार्च 2024 कर दी गयी है। जिसको नगर निगम की मा0 कार्यकारिणी /सदन की आगामी बैठक में प्रस्ताव स्वीकृत किये जाने की प्रत्याशा में किया गया है। नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि जिन भवन स्वामियों द्वारा जी0आई0एस0 बलों के सापेक्ष अभी तक स्वकर प्रपत्र भरते हुए निगम के करों का भुकतान नही किया गया है ऐसे सभी भवनस्वामी आगामी दिवसों में स्वकर प्रपत्र भरते हुए अपने टैक्स का निस्तारण कराये जिससे उनके बिलों की समस्या का निस्तारण हो सके एवं नगर निगम की आमदनी भी बढ़ायी जा सके।

# जस्टिस अरुण भंसाली इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे

**अखंड भारत संदेश**

**सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने राजस्थान हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस अरुण भंसाली के नाम की संस्तुति केंद्र सरकार को भेजी है**

**प्रयागराज।** राजस्थान हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस अरुण भंसाली इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने उनके नाम की संस्तुति केंद्र सरकार को भेजी है। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की सेवानिवृति के बाद सीनियर जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। जस्टिस भंसाली की नियुक्ति के बाद हाई कोर्ट को मुख्य न्यायाधीश मिल सकेगा। जस्टिस भंसाली 8 जनवरी 2013 को राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। इससे पहले उन्होंने राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर खंडपीठ में प्रैक्टिस की थी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उन्होंने 1230 निर्णय दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम का मानना है कि देश के सबसे बड़े उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के रूप में जस्टिस भंसारी सबसे उपयुक्त हैं।



# लेप्रोसी से प्रयागपुरम तक चला पीडीए का बुल्डोजर

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर लेप्रोसी चौराहे से प्रयाग पुरम मोड तक गुरुवार को पीडीए की कार्रवाई हुई। महाकुंभ के लिए प्रस्तावित लेप्रोसी से मेवालाल की बगिया तक सड़क चौड़ीकरण वाले मार्ग पर गुरुवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुल्डोजर गरजा। पीडीए के जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में भवन निरीक्षक कुंवर आंनद, अवर अभियंता अमित तोमर समेंत तमाम अधिकारी कार्रवाई के दौरान मौजूद थे। सुबह लेप्रोसी चौराहे के पास से शुरू हुई बुल्डोजर की कार्रवाई दोपहर तक प्रयाग पुरम तक पहुंच गई। प्रयाग पुरम गली के सामने स्थित शशि पांडेय के मकान के पास कार्रवाई के दौरान पीडीए की जेसीबी मकान तोड़ते हुए जेसीबी पर मकान का पत्थर गिर गया इस कारण पाइप जेसीबी की फट गई जेसीबी खराब हो गई। जिसके बाद कार्रवाई रोक दी गई। इसके बाद नैनी के डाकखाने पर पहुंचे पीडीए के अधिकारियों ने स्टेशन रोड पर स्थित लोगों से अपील की है कि वह खुद से अतिक्रमण हटा लें।





## कबड्डी आरती पाल व आस्था की टीम ने मारी बाजी

**झूंसी।** टीपी मेमोरियल विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज व अभिज्ञान एकेडमी स्कूल में गुरुवार को भाला फेंक सुमित प्रथम रोहन दूसरे स्थान पर तथा अमन तीसरे नंबर पर रहे। गोला फेंक प्रियांशू रजक प्रथम सुमित दूसरा तथा शुभम का तीसरा स्थान आया। डेस्क थ्रो में श्याम प्रथम, गौरव दूसरे तथा अतुल तीसरे स्थान पर रहे। जलेबी दौड़ कुनाल प्रथम, अर्पित दूसरे स्थान पर रहे। टाफी दौड़ में तैमूर, आर्यन और अर्पित प्रथम स्थान पर रहे।

कबड्डी बालिका वर्ग आरती पाल व आस्था की टीम तथा बालक वर्ग में सत्यम की टीम विजय रही। रस्साकसी प्राइमरी बालक वर्ग में आदर्श की टीम व बालिका वर्ग जूनियर में राशि जयसवाल की टीम विजयी रही। सीनियर वर्ग में शिवांगी पांडेय की टीम विजेता रही। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने सभी शिक्षकों के साथ खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# पांच लाख के इनामी शूटर अरमान बिहारी का मकान कुर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में फरार चल रहे पांच लाख के इनामी शूटर अरमान के मकान को बृहस्पतिवार को पुलिस ने कुर्क कर दिया। सिविल लाइंस इलाके में स्थित अरमान के मकान को पुलिस ने मुनादी कराने के बाद कुर्क किया। पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। इस दौरान कई थानों की पुलिस के साथ ही अतिरिक्त फोर्स को तैनात किया गया था। मूल रूप से बिहार के गया का रहने वाला अरमान शहर के सिविल इलाके में पैलेस सिनेमा के पीछे अपनी बुआ के घर रहता था। वह अतीक अहमद का खास गुर्गा था। उमेश पाल की हत्या के दौरान वह ताबड़तोड़ गोलियां चलाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। घटना के बाद से ही वह फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग न लगने पर उसके ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कई राज्यों में तलाश के बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं लग सका है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने उसके मकान को कुर्क कर दिया।



**नफीस बिरयानी के इशारे पर 2017 में की थी दुस्साहसिक वारदात :** 17 सितंबर 2017 को उसने नफीस के इशारे पर ही एक दुस्साहसिक वारदात की थी। उसने सिविल लाइंस में दिनदहाड़े हत्या की नीयत से सोडा पानी विक्रेता रंजीत कुमार सोनकर पर गोली चला दी थी। बहुगुणा मार्केट निवासी रंजीत दोपहर एक बजे के करीब कामधेनु स्वीट्स के पास अपनी दुकान पर था। आरोप है कि तभी वहां अरमान व 5-6 अन्य लोगों संग पहुंचे नफीस ने कट्टा सटाकर गालीगलौज करते हुए पहले उसे जमकर पीटा। इसके बाद अरमान ने गोली चला दी। दिनदहाड़े हुई इस घटना से सनसनी फैल गई थी। इस मामले में भुक्तभोगी की पत्नी प्रीति की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने हत्या के प्रयास व एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया। बाद में तत्कालीन सीओ सिविल लाइंस श्रीश्चंद ने इस मामले में दोनों के खिलाफ चार्जशीट भी लगाई।

**नफीस ने ही शामिल कराया अतीक गैंग में :** सूत्रों का कहना है कि शूटर अरमान को नफीस ने ही अतीक गैंग में शामिल कराया। उसने ही उसे पहले अशरफ से मिलवाया। धीरे-धीरे वह अशरफ का भरोसा जीतकर उसका खास बन गया। अशरफ ने ही अतीक से अरमान की पैरवी की और यही वजह थी कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए जाने के दौरान अरमान अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के साथ हर जगह मौजूद रहता था।

**अपने साथ साए की तरह रखता था शूटर को :** सूत्रों का कहना है कि अरमान को नफीस अपने साथ साए की तरह रखता था। एमजी मार्ग पर बिरयानी की दुकान चलाने के दौरान वह अक्सर आसपास ही रहता था। नफीस के कहीं जाने पर उसके साथ ही जाता था। पीडी टंडन रोड पर रेस्टोरेंट खोलने के बाद भी काफी दिनों तक वह नफीस का गुर्गा बना रहा। उमेश पाल हत्याकांड के बाद वह फरार हो गया। अरमान के जरिए ही दोनों पहुंचाते थे बात सूत्र बताते हैं कि जेल जाने के बाद अरमान के जरिए ही अशरफ व नफीस एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचाते थे। अरमान न सिर्फ नैनी बल्कि कई बार बरेली जेल में जाकर अशरफ से मिला। उसकी हर पेशी के दौरान भी वह उससे मिलने पहुंचता था। अरमान के जरिए ही अशरफ नफीस को जमीन के धंधों के बारे में हुक्म देता था। अरमान के जरिए ही नफीस जैनब तक रुपये पहुंचाता था।

# पूरे देश में बामसेफ सदस्यता अभियान चलाएगी





**40वां चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन**

**जारी।** दिन बृहस्पतिवार को किसान महाविद्यालय खेराहट रीवा रोड़ पर बामसेफ के चार दिन के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन के पश्चात बामसेफ की महासभा की बैठक आयोजित हुई, बैठक की अध्यक्षता बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गनोरकर ने की। बामसेफ की महासभा ने बैठक में आगामी आंदोलन के विस्तार से चर्चा की गई और भारतीय संविधान सम्मान सुरक्षा संवर्धन राष्ट्रव्यापी महाजन जागरण अभियान को बड़े स्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान के तहत बामसेफ अप्रैल माह तक देश में सभी पंचायतों तक ले जाने का कार्यक्रम बनाया है। इस अभियान के तहत पूरे देश में बामसेफ सदस्यता अभियान चलाएगी, बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डॉ संजय इंगोले ने किया, अधिवेशन में सहयोग करने पर मेजा के विधायक संदीप सिंह पटेल व किसान महाविद्यालय की शिक्षा समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह पटेल का बामसेफ संगठन की ओर से सम्मान और स्वागत किया गया, विधायक संदीप सिंह पटेल ने कहा कि वे हमेशा बामसेफ को सहयोग करेंगे। बामसेफ प्रयागराज के जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद पाल व उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरुण गौतम द्वारा देशभर से आए सभी कार्यकताओं का धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया। बैठक में नवीन यादव, नितिन थाबलके, सुरेश द्रविड़, संजय पगारे,हनीफ हंसलौद, आर के गौतम, सरदार सुरेंद्र सिंह, ए के दिवाकर, शत्रुजीत सिंह, हरे राम कुशवाहा, राकेश गौतम, मधुकर मेश्राम, कविता मडामी,एम डी चंदनशिवे, संजय मोहिते, मनोज कुमार, सोढ़ी राम झल्ली,सुरजपाल, डॉ संजीव कुमार, अवनीश कुमार,रवि मोरे,आर के गौतम नितिन भटकर, डॉ कर्मबीर टंडन,राजा गौतम, मियां सिंह, सुनील कुमार, डी आर आर्या,जे एन राम आदि भी उपस्थित थे।

## मिष्ठान की दुकान में सेंधमारी कर के चोरो ने उड़ाए हजारो का सामान

**पुलिस ने एक को दबोचा, कर रही पूछताछ**

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के चौहान का पूरा में मिष्ठान की दुकान में सेंधमारी करके चोरों ने सिलेंडर, फार्चून सहित अनेकों सामानों पर हाथ साफ कर दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक को दबोचकर कर पूछताछ कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के चौहान का पूरा गांव निवासी जितेंन्द्र कुमार पुत्र भोलानाथ नहर पुलिया के निकट मिष्ठान की दुकान खोले हुए है। बताया गया है कि चोरों ने सेंधमारी करके दुकान में रखा चार सिलेंडर, कई टीन फार्चून तेल सहित लगभग पचास हजार का सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को दबोचकर पूछ ताछ कर रही है।

# डीएम ने की अवैध खनन व ओवर लोडिंग पर अंकुश लगाये जाने के सम्बंध समीक्षा बैठक

**डीएम ने अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश**



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में अवैध खनन व ओवर लोडिंग पर अंकुश लगाये जाने के सम्बंध समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया है कि अवैध खनन न हो। एसडीएम एवं सहायक पुलिस आयुक्त कड़ाई से यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन न होने पाये। डीएम ने निर्देशित किया है कि जिसका जितना पट्टा निर्धारित है, उतने क्षेत्र में ही खनन करें। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम यह सुनिश्चित करें कि राजस्व वसूली में लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही के लिए टॉस्ट फोर्स का गठन करने तथा एसडीएम, एआरटीओ, एसीपी एवं खनन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने तीन शिफ्टों पर चेक प्वाइंट पर ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्ष देव पाण्डेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, सभी एसडीएम, सहायक पुलिस आयुक्त, एआरटीओ एवं खनन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# नगर आयुक्त ने किया अलाव तथा रैन बसेरा का औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अत्याधिक ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में- पी0डी0टण्डन पार्क, थर्नहिल रोड नाइट मार्केट बी0एच0एस0 के पास, लोहिया मार्ग, पत्थर गिरजाघर, बस अड्डा सिविल लाइन्स, ए0जी0 अफिस चौराहा, हनुमान मन्दिर सिविल लाइन्स, प्रयाग संगीत समिति, मनमोहन पार्क तथा हिन्दु हॉस्टल चौरहा आदि पर औचक निरीक्षण कर रैन बसेरों में सुविधाओं तथा आस-पास सभी स्थानों पर अलाव आदि की व्यवस्थाओं का चेक किया गया। इस दौरान मौके पर अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, अधिशाषी अभियन्ता अनिल मौर्या तथा अजीत कुमार तथा क्षेत्रीय अवर अभियन्ता उपस्थित रहे।

# जनपद प्रयागराज के विभिन्न मत देय स्थलों का मंडलायुक्त ने निरीक्षण किया

**अखंड भारत संदेश**

**निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य**

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु जनपद प्रयागराज के विभिन्न मत देय स्थलों का आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। सर्वप्रथम मेरी लूकस स्कूल स्थित मत देय स्थल जा कर वहां भरे जा रहे फार्म 6,7 एवं 8 का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधन की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देते हुए उसका सत्यापन करने के निर्देश दिया। तत्पश्चात उन्होंने पब्लिक मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल 43ँ पीएसी बटालियन पर बनाए गए मत देय स्थल का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर संबंधित अधिकारियों को किसी भी दशा में अधूरे फार्म न लेने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें कुछ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मंडलायुक्त ने प्रतिनिधियों से आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में प्रयोग में लायी जाने वाली मतदाता सूची का अवलोकन कर उसमें अपेक्षित संशोधन करने में सहयोग करने को कहा। मतदाता सूची में नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6, मतदाता सूची में नाम विलोपित करने के लिए फार्म-7 एवं मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं की प्रविष्टियों में संशोधन/डुप्लीकेट के लिए फार्म-8 आवेदकों के द्वारा भरे जा रहे हैं।



## दावें व आपत्तियों के निस्तारण की अवधि एवं नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की तिथियों में किया गया बदलाव

**दावें और आपत्तियों का निस्तारण अब 12 जनवरी तक तथा नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी को होगा**

**प्रयागराज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष देव पाण्डेय ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियों के निस्तारण की अवधि दिनांक 26.12.2023 को बढ़ाकर दिनांक 12.01.2024 करते हुए नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 05.01.2024 के स्थान पर दिनांक 22.01.2024 को किये जाने के निर्देश दिए गये है।

# गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मोदी की गारण्टीः विनोद सोनकर

पीएम श्री विद्यालय मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं पहुंचे। गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मोदी सरकार की गारण्टी है। उक्त बातें गुरुवार को बाबागंज विधानसभा के कालाकांकर क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय शेषपुर धनापुर के वार्षिकोत्सव समारोह में सांसद कौशाम्बी, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही।

सांसद विनोद सोनकर ने आगे कहा कि मोदी योगी सरकार में अनेकों ऐसे कार्य किए गए हैं कि आज कोई भी घर ऐसा नहीं है



वार्षिकोत्सव समारोह में बोलते सांसद विनोद सोनकर।

जहां सरकार की कोई न कोई योजना पहुंची न हो। इसके पूर्व की सरकारों में दिल्ली से चलने वाला पैसा रास्ते में ही गायब हो जाता था। आज मोदी सरकार ने ऐसी पारदर्शी व्यवस्था लाई कि अब सीधे लाभार्थी के खाते में पैसा जा रहा है। अब कोई बिचैलिया बीच में नहीं है। यह सब आपके एक वोट की ताकत से हुआ है। अब कुंडा बाबागंज विकास की ओर अग्रसर है। यही नहीं, सभी विद्यालयों को पीएम श्री में चयनित किया जायेगा। इसके पूर्व कुण्डा ब्लाक के जसौली एवं बाबागंज के किंधौली के प्राथमिक विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारण्टी गाड़ी के साथ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू, राकेश मोदनवाल, अंकित मिश्र, अमर जीत सिंह, कुलदीप तिवारी,प्रधान भीम सिंह यादव, सुषमा मौर्या,पवन ओझा, खण्ड शिक्षा अधिकारी सिया राम चैरसिया, प्राथमिक शिक्षक संघ कालाकांकर के अध्यक्ष सुशील तिवारी, राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी, हंसराज मिश्र, सन्तोष तिवारी, उमेश कुमार, आनन्द तिवारी, दीना नाथ शुक्ल,राजू सरोज, शिव दुलारे पाण्डेय, रमा शंकर सरोज, लवलेश तिवारी, सूर्य करण पुष्पाकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नक्षत्र कुटिया में सृजन-साधना करके साहित्य के सूर्य बने सुमित्रानंदन पंतः डॉ. दयाराम

### सृजना कुटीर में पंत के साहित्य पर हुई व्यापक चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा हिन्दी साहित्य सुप्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत की पुण्यतिथि पर सृजनाकुटीर अजीतनगर, प्रतापगढ़ में उनके व्यापक साहित्यिक अवदान और प्रेरक व्यक्तित्व पर चर्चा हुई। सर्वप्रथम साहित्यकारों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

अध्यक्षता करते हुए पन्त के काव्य के अध्येता लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि सुमित्रानंदन पंत ने प्रकृति के कोमल रूप को अपने काव्य में चित्रित किया, इसीलिए उन्हें प्रकृति का सुकुमार कवि कहा जाता है। कालाकांकर राजभवन की नक्षत्र कुटिया में प्रवास के दौरान उन्होंने विविध श्रेष्ठ काव्य कृतियां दी और अमर हो गए। हिन्दी साहित्य उनका सदैव ऋणी रहेगा। वरिष्ठ कवि साहित्यकार प्रेमकुमार त्रिपाठी प्रेम



सुमित्रानंदन पंत के चित्र पर माल्यार्पण करते साहित्यकार।

ने कहा कि पंत की रचनाएं भाषा, भाव तथा शैली का अनूठा उदाहरण हैं। साहित्यकार राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, अमर नाथ गुप्ता बेजोड़, पंकज मौर्य, रीतिका मौर्य रीतू, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री ने काव्यपाठ करके पंत जी के उत्कृष्ट साहित्य पर प्रकाश डाला। संचालन युवा साहित्यकार अनिल कुमार निलय ने किया।

## एमडीपीजी कालेज में चार परीक्षार्थियों ने छोड़ी इग्नू की परीक्षा



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते शिक्षकगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में चार जनपदों के परीक्षार्थी इग्नू की परीक्षा दे रहे हैं। सख्ती के चलते आज भी चार परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। आज आयोजित परीक्षा में एमबीए, एमसीए, बीकॉम, एम ए ज्योतिष, सोशियोलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, हिंदी एवं एमएससी फूड न्यूट्रिशन की परीक्षाएं संपन्न हुईं। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में तथा इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह एवं काउंसलर डॉ सी एन पांडे की निगरानी में परीक्षाएं संपन्न हुईं। डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि आज 19 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 15 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 4 अनुपस्थित रहे। डॉ सी एन पांडे ने बताया कि अमेठी, सुल्तानपुर, जौनपुर एवं प्रतापगढ़ के परीक्षार्थी एमडीपीजी केंद्र पर परीक्षा दे रहे हैं। इस केंद्र पर 774 परीक्षार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा देंगे। परीक्षाएं 9 जनवरी तक चलेंगी। विजय पांडे, मोहम्मद अयूब, रोहन सिंह अनवरत परीक्षा में सहयोग दे रहे हैं।

## कोतवाली के समीप पान की गुमटी से हजारों का सामान उड़ा ले गये चोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली गेट के समीप मौजूद पान की गुमटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर हजारों का सामान उठा ले गये। घटना को लेकर पीड़ित ने गुरूवार को पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के डांड़ी खास गांव निवासी गिरीश तिवारी कोतवाली गेट के सामने गुमटी में पान व गुटखा की दुकान चलाते हैं। पीड़ित के अनुसार गुरूवार सुबह वह दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा देख आवाक रहे गये।



आग को बुझाते अग्निशमन विभाग के अधिकारी।

## अग्निशमन विभाग ने दो दुकानों पर लगी आग को बुझाया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कटरा मेदनीगंज बाजार के अन्तर्गत किराना स्टोर में आग लगने की सूचना पर तत्काल एफएस सदर यूनिट घटना स्थल पर पहुंची और किराना स्टोर तथा इलेक्ट्रिक दुकान में आग लगी है जिसे एफएस यूनिट द्वारा बुझाना प्रारम्भ किया गया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बता दें कि किराना स्टोर-प्रमोद कुमार साहू पुत्र राम किशोर साहू एवं इलेक्ट्रिक दुकान-दिनेश साहू पुत्र राम किशोर साहू पूजा सामग्री-कमलेश साहू की दुकान में आग लगी थी। उपरोक्त घटनास्थल पर कुल चार फायर टेण्डरों द्वारा पम्पिंग करके लगभग पांच घंटों में आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया एवं अगल-बगल की अन्य दुकानों को आग लगने से बचा लिया गया। यह जानकारी प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सौरभ सक्सेना ने दी।

## सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव समर्पित रहे ओम निरंकार देवः सांसद

### छठीं पुण्यतिथि पर वृद्धावस्था आश्रम में आयोजित हुआ समारोह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता ने पत्रकार साहित्यकार एवं तुलसी जन्मस्थली शोध कर्ता ओम निरंकार देव उपाध्याय की छठवीं पुण्यतिथि पर वृद्धावस्था आश्रम महुली चिलबिला में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वे सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव समर्पित रहे।

उन्होंने कहा कि यह स्थूल काय शरीर नश्वर है जिसका अंत होना सुनिश्चित होता है किंतु मनुष्य ब्यर्थ के माया जाल में फंसकर इस बात को समझ नहीं पाता और जीवन पर्यंत इस नश्वर शरीर को अपना मानकर कार्य करता रह जाता है किंतु जो लोग सामाजिक दायित्व व मानवीय संवेदनाओं से



ओम निरंकार देव के चित्र पर माल्यार्पण करते सांसद संगम लाल गुप्ता

ओतप्रोत होकर समाज के उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हैं वह सदैव समाज में जीवंत रूप में याद किए जाते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी ने कहा कि संघर्षों के पर्याय थे श्री उपाध्याय जिन्होंने एक स्वतंत्राता संग्राम सेनानी के पौत्र के रूप में सदैव बढ़-चढ़कर सामाजिक उत्तरदायित्वों का सम्यक निर्वाह किया। समारोह में बोलते हुये धमार्चार्य ओम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सामाजिक, राजनैतिक और साहित्यिक जगत के साथ साथ ब्यावसाइक गतिविधियों में भी श्री उपाध्याय ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, ओम प्रकाश त्रिपाठी, चिंतामणि पाण्डेय, लालता प्रसाद लहरी, रोशन लाल उमरवैश्य, ओम प्रकाश पाण्डेय गुड्डू, योगेश योगी, सुनील प्रभाकर, शीतला प्रसाद सुजान, संगम लाल भंवर, शरद केशरवानी, अनूप उपाध्याय, धीरज उपाध्याय,संजय पाण्डेय पूर्व प्रधान, आदित्य मिश्र, परमानंद मिश्रा, नीरज मिश्र, उत्कर्ष, उत्तम आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये डॉ रंगनाथ शुक्ला, संजीव आहूजा, शिशिर खरे, राजकिशोर त्रिपाठी, इं चंद्रकांत त्रिपाठी, अभिमन्यु चतुवेर्दी, मान सिंह, अम्बिका प्रसाद, सुरेश अग्रवाल आदि का सारस्वत सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन विवेक उपाध्याय एवं संचालन प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय द्वारा किया गया।

## प्रभात एकेडमी में हुआ विंटर कार्निवाल का आयोजन

सांसद व पूर्व विधायक ने की शिरकत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के अष्टभुजा नगर स्थित प्रभात एकेडमी में चल रहे विंटर कार्निवाल के तीसरे दिवस आर्ट्स एंड क्राफ्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए कला, गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान पर आधारित कई तरह के मॉडल की प्रदर्शनी लगाकर सभी को अभिभूत कर दिया।

इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता व पूर्व विधायक धीरज ओझा ने बच्चों द्वारा बनाए गये आर्ट्स एवं क्राफ्ट का



विंटर कार्निवाल में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते सांसद संगम लाल गुप्ता

अवलोकन किया। इस मौके पर अतिथिगणो ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के अंदर आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रबंधन के गुण विकसित होते हैं। अतिथियों ने कहा कि बच्चों को अनुशासन में रहने की सीख देना हम अभिभावकों तथा शिक्षकों का परम कत्र्तव्य है। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथिगणों में सांसद संगम लाल गुप्ता, पूर्व विधायक धीरज ओझा सहित अन्य का विद्यालय के प्रबंधक प्रभात शर्मा ने स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नालंदा, कौशांबी, तक्षशिला एवं विक्रमशिला के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी निभाई। कौशांबी हाउस से प्रांशुल वर्मा, पविका वर्मा, सैलजा त्रिपाठी, हईनल, बैष्णवी, समृद्धि, तान्या, अनुप्रिया, वैभव एवं शिक्षा ने प्रतिभाग किया। नालंदा हाउस से अनन्या, आयुष, तनिष्का, सिद्धार्थ, आराध्या, प्रथा, कृति वहीं तक्षशिला हाउस से ओमंसी,तरयंत, प्रियांशी, अनुष्का, दिया, आर्या तथा विक्रम शिला हाऊस से अंशिका, श्रेयांशी, सुक्रति, प्रकृति व वरद ने प्रतिभाग किया।इस दौरान ओम प्रकाश पाण्डेय,विद्यालय के छात्राओं के साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं में प्रमुख रूप से इरफान, उद्देश्य, अमरजीत, संतोष, आशीष, अभिषेक, पूजा, सुनीता, अंजू, अंकिता, पूनम, सारा, नैंसी, खुशबू, एकता, स्नेहा, मधु, रितेश, यूएस मिश्रा, हरिकेश सहित आदि मौजूद रहे।

## बेसहारा मवेशियों से निजात को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से की शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेसहारा मवेशियों से परेशान ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर निजात मांग उठायी है। तहसील लालगंज के धारूपुर मोठिन गांव में बेसहारा मवेशियों से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां करीब अस्सी मवेशी रात दिन विचरण करते हुए फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मवेशियों के चलते किसान अपने खेत की रखवाली करने के लिए भीषण ठण्ड में रतजगा करने को भी मजबूर हैं। इसके बाद भी मवेशी फसलों को चैपट कर रहे हैं। गांव के अजय शुक्ल, अरविन्द पाण्डेय, अरूण पाण्डेय आदि ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से बेसहारा मवेशियों को पकड़वाकर गोआश्रय केन्द्र भेजवाने की मांग उठाई है।

## इंदिरा भवन पर मनाया गया कांग्रेस का स्थापना दिवस समारोह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस की स्थापना के 138 साल पूरे होने पर आज यहां कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर झंडारोहण कर स्थापना दिवस समारोह इंदिरा भवन पर जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कॉंग्रेस की स्थापना से लेकर आज तक किये गए कार्यों की चर्चा की और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही आम आदमी, गरीबों, मजलूमों, दलितों, अल्पसंख्यकों, के उत्थान व उन्हें न्याय दिलाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि देश वर्तमान समय में संकटों के दौर से गुजर रहा है, लोकतंत्र पर संकट है, ऐसे



स्थापना दिवस समारोह में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

में कांग्रेस ही देश को बचा सकती है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डा0 वीके सिंह, डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, राम रतन तिवारी, ओंकार नाथ पांडेय, कृष्ण कांत शुक्ल, अवध राज यादव, मो0इश्तियाक, विश्वास सिंह, अभय तिवारी सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## 31 के बाद बिजली बकायेदारों पर शिकंजा कसेगा विभाग

### बकाया बिजली बिल जमा करने पर दी जा रही पचास प्रतिशत की छूट

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिन उपभोक्ताओं का बिजली का बिल बकाया है, चोरी के मामले में फंसे हैं वह तत्काल एक मुश्त योजना का लाभ उठाएं। ऐसे उपभोक्ता 31 दिसंबर तक बिजली विभाग में जाकर अपना पंजीकरण करा ले।उसके बाद बिजली विभाग ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। एक मुफ्त योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत की छूट विभाग द्वारा दी जा रही है। जिन लोगों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। उनकी लाइन चेकिंग अभियान में काट दी जा रही है। दुबारा चोरी से जोड़ने पर जेल की हवा खानी पड़ सकती है। इन दिनों डेली करीब बीस बकायेदारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। गुरूवार को सियाराम कालोनी में कनेक्शन काटे जाने से हडकंप मचा हुआ है। लोग एक मुश्त योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कराने बिजली दफ्तर पहुंच रहे हैं। इस बारे में अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि 31 दिसम्बर 2023 को ओ.टी.एस.योजना समाप्त हो जाएगी।उसके उपरान्त जो पुरानी पद्धति थी, उसके अनुसार विच्छेदन कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

## गुरुद्वारा में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज कमेटी एवम गुरमुख सेवा दल के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज में श्री गुरुगोबिंद सिंह जी महराज के साहिबजादो के शहीदी दिवस को समर्पित रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमे 20 लोगो ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया. मिलनदीप सिंह रमन दीप सिंह सोनू सिंह, अनूप केसरवानी, गुरसेवक सिंह, परमप्रीत सिंह, सुप्रिया सिंह, सौरभ गौतम, ओमप्रकाश सर्वजीत सिंह, मंदीप सिंह, बलबीर सिंह आदि ने रक्तदान किया. कैंप के आयोजन में प्रमुख रूप से परमजीत सिंह, मंजीत सिंह गोबिंद, जगमीत सिंह, नरेन्द्र सिंह, मंजीत सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में हुआ।

कैंप में डाक्टर अदभुद दुबे, डाक्टर श्रीकांत, पवन नंदन, लब टेक्नीशियन, रंजीत शर्मा, कुसुमलता काउंसलर, जय किशन ने भी पूरा सहयोग किया। अंत में मंजीत सिंह गोबिंद ने सभी को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया का धन्यवाद किया।

## पं. नागेशदा पब्लिक स्कूल के खेल महोत्सव में बच्चों ने दिखाया दमखम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में गुरूवार को दो दिवसीय खेल महोत्सव का समारोहपूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूल के विजेता बच्चों के चेहरे मेडल व प्रमाण पत्र पाकर खुशी से खिल उठे दिखे। प्रतियोगी छात्र छात्राओं में अशोका हाउस, रमन हाउस, शिवाजी हाउस एवं टैगोर हाउस के बीच दौड़ व ऊंचीकूद, लम्बीकूद, कबडडी, गोला फेंक, भाला फेंक प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। जिसमें समृद्धि ओझा, स्वरा तिवारी, संस्कृति मिश्र, सौम्या वैश्य, शिवांश पाण्डेय, सार्थक, ज्योति पाल, अदिति तिवारी, निधि शुक्ला, निकिता सिंह, अर्पिता त्रिपाठी, आरिफ अंसारी, जय पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पुनीत तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि विश्वजीत तिवारी, प्रबंधक सुनीता मिश्रा, प्रकाशचंद्र मिश्र, रीमा मिश्रा, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सुनीत सिंह, श्यामशंकर मिश्र, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, हिमांशु शुक्ल, शैलेष जासवाल, रवीन्द्र, आरके यादव, श्रुति शुक्ला, सोनी तिवारी, मीनू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकाली गयी कलश शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के आनन्द नगर तिराहे पर आयोजित श्रीराम कथा से पूर्व गुरूवार को श्रद्धालुओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली। लोक मंगल के निमित्त निकाली गयी कलश यात्रा रामपुर बावली, पूरे चिरंजीव, बटौली, पूरे हृदय, शुकुलपुर, अनेहरा, रामपुर चैराहा होते हुए वापस पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। कड़ाके की ठण्ड के बावजूद कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता किया। कथा के संयोजक आचार्य धीरेन्द्र ने बताया कि जन कल्याण के निमित्त भगवान श्रीराम की कथा गुरूवार से आगामी पांच जनवरी तक होगी। जिसमें अर्न्तराष्ट्रीय कथाव्यास श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य सूरज शास्त्री श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की कथा सुनाएंगे। कलश शोभा यात्रा में आद्या प्रसाद मिश्र, जितेन्द्र शुक्ल, अम्बुज तिवारी, धर्मेन्द्र चैबे, राजू पाण्डेय, मोनू तिवारी, हितेश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट की घटना में पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, एसपी से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर निवासी सलीम पुत्र अब्दुल गफ्फार ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि तेईस दिसंबर को दोपहर करीब दो बजे गांव के पडोसी घर के बगल से गुजरी नाली की गंदगी निकालकर उसके दरवाजे पर फेंक रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जमकर मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़ित की पत्नी व बेटे को भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी के साथ अभद्रता भी किया। पीड़ित का आरोप है कि उसने घटना की तहरीर पुलिस को दी। लेकिन जांच के नाम पर पुलिस हीलाहवाली कर रही है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# परिवार कल्याण कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डीएम ने व्यक्त की नाराजगी

## संयुक्त जिला चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध, अन्य जनपदों की 362 गर्भवती महिलाओं के हुए प्रसव

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू एवं कनैली में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्हांने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को लाभार्थियों एवं आशाओं के भुगतान में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने तथा संस्थागत प्रसव में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि ऐसे आशाओं को चिन्हित किया जाय, जो मरीजों को निजी अस्पतालों में ले जाने का कार्य कर रहीं हैं, उन आशाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि वीएचएसएनडी सेशन पर आवश्यक सामग्री लेकर न जाने वाली/लापरवाही बरतने वाली एएनएम को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में आकांक्षात्मक विकास खण्ड कौशाम्बी पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 02 करोड़ रुपए पुरस्कार स्वरूप नीति आयोग से मिलेगा, इस सम्बन्ध में उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी कनैली को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए आवश्यकतानुसार चिकित्सीय उपकरण/ सुविधाओं के लिए प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दियें, ताकि क्षेत्र के लोगों को और बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जा सकें उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को माइक्रोप्लॉन बनाकर नियमित टीकाकरण में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाय कि कोई भी बच्चा छूटने न पाये। उन्होंने आर0सी0एच0 पोर्टल, ई-कवच एवं मंत्रा ऐप पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। उन्हांने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की गहनता से जॉच करने के निर्देश देते हुए कहा कि कमी पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने नियमित रूप से रोगी कल्याण समिति की बैठक करने के भी निर्देश दियें। बैठक में जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता आकाश दीप ने बताया कि संयुक्त जिला चिकित्सालय में अन्य जनपदों की 362 गर्भवती महिलाओं के प्रसव हुए है, जिसमें से जनपद फतेहपुर की 200, जनपद चित्रकूट की 95, जनपद प्रयागराज की 44 तथा अन्य जनपदों के 30 सम्मितिल हैं इसके साथ ही यह भी बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में नवम्बर माह में कुल 3224 प्रसव हुए हैं तथा केवल 129 गर्भवती महिलाओं को ही हायर फैसिलिटी सेन्टर के लिए रेफर किया गया हैं, इससे स्पष्ट है कि जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जा रहीं हैं। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक कुल 4 लाख 67 हजार 550 से अधिक गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं, जिस पर जिलाधिकरी ने जिलापूर्ति अधिकारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी से समन्वय कर गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वीएचएसएनडी सेशन पर वजन मशीन नहीं ले जाया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीडीपीओ कड़ा, सिराथू व नेवादा से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, सीएमएस सुनील शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### नेवादा के बरियांवा गांव में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम बृहसपतिवार को नेवादा ब्लाक के ग्राम सभा बरियांवा में आयोजित किया गया अधिकारी व कर्मचारी ने किया स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, आगनवाड़ी, पीएम किसान सम्मान,पूर्ति विभाग, श्रम विभाग उज्वला विभाग, व अन्य भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के संबंध में बताया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम रही है। इस सरकार में हर धर्म और समुदाय के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिन पात्र लोगों को अभी तक सरकार के माध्यम से चलाई जा रही किसी योजना का लाभ नही मिला हो तो वह अपना आवेदन दें जिससे आगे की प्रक्रिया हो सके। इसके साथ ही कार्यक्रम मे समाज कल्याण पाल जी,पंचायत सहायक मंजू देवी,लेखपाल अंजू देवी,ए एन एम सुनीता देवी,आशा ऊषा देवी,आंगनवाड़ी कदमनी देवी,संगीता देवी,भैय्यालाल यादव,मोतीलाल शर्मा, गेंदलाल पटेल,रामसजीवन,ग्राम विकास सचिव वेद प्रकाश,सिपाही राधे यादव,ग्राम पधान व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कड़ा के ननमई और गनपा गांव में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा




**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कड़ा ब्लाक के ननमई और गनपा गांव में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि आकाश सोनकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल कर्मचारियों ने लगाए और उसके बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी प्रदान किया। उसके बाद पूर्व विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की मोदी जी सपना भारत को विकसित बनाने हैं। यह तभी पूर्ण होगा जब गांव का हर व्यक्ति मजबूत होगा। इसीलिए मोदी जी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की गारंटी के लिए गांव गांव पहुंचकर दी जा रही हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा जब गांव का विकास होगा तभी देश विकसित होगा। सभी पात्र लोगों को सरकार के माध्यम से चलाई जा रही योजनाएं निश्चित रूप से मिलेगी। खंड विकास अधिकारी ने कहा यदि कोई पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित हो रहा हो तो संबंधित स्टाल पर अपनी समस्या दर्ज कराएं उसे योजना से लाभान्वित किया जाएगा। अंत में किसान सम्मान निधि से लाभांवित किसानों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एपीओ मनरेगा ने ग्रामीणों को मनरेगा और जाब कार्ड सबंधित जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश निषाद,ननमई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सगीर अहमद, एडीओ पंचायत रामकिशोर भारतीय, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सोहनलाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजीव कुमार मौर्य, गनपा प्रधान शिवाकांत मौर्य आदि रहे।

### जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन



**कौशाम्बी** अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य शशि शेखर ने विभागीय कार्यों एवम उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी तथा भविष्य में विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यो के बारे में बताया। बैठक में शिक्षा विभाग, मत्सय विभाग,खाद्य एवम रसद, पुलिस, कृषि विभाग, पुष्टाहार,आबकारी, जिला उद्योग और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि शामिल हुए। अपर जिलाधिकारी द्वारा लाइसेंस तथा पंजीकरण की संख्या बढ़ाने के लिए आबकारी, मत्स्य विभाग व खाद्य एवम रसद विभाग और व्यापार मंडल को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। स्ट्रीट फूड हब बनाये जाने की योजना है, जहाँ सभी स्ट्रीट फूड मानक अनुसार बनाये जाएंगे साथ ही फल ,सब्जी विक्रेताओं को पुराना बस अड्डा में विक्रय हेतु स्थानांतरित किया जाएगा तथा सभी का पंजीकरण भी किया जाएगा। पुलिस, खाद्य सुरक्षा एवम राजस्व विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर मिलावटी एवम अधोमानक खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के विरुद्ध अभियान बना कर छापेमार कार्यवाही की जाए। विद्यालयों एवम नर्सिंग होम में संचालित किचन और एमडीएम को नियमित रूप से जांच कराएं। 5 विद्यालयों को 'ईट राइट विद्यालय' घोषित कराया जाएगा। अब तक 53 वादों का निस्तारण किया गया है, जिसमे 7 लाख 52 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है, एक माह के अंदर अर्थदंड जमा न करने वाले लोगो के विरुद्ध आर सी जारी करा के वसूली कराई जाय। बैठक में व्यापार मंडल प्रतिनिधि अंशुल केसवानी द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की व्यापारियों की बैठक करा कर अपेक्षित वृद्धि कराई जाएगी। फलों एवम सब्जियों में कीटनाशकों का प्रयोग अधिक मात्रा में न हो इसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता एवम प्रवर्त्तन की कार्यवाही की जाएगी उक्त जानकारी सहायक आयुक्त खाद्य कौशाम्बी ने दी है।

## बलीपुर टाटा में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**सैयद सरावां कौशाम्बी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चक्रेश मिश्रा नितिन पासी गुलाब सिंह पटेल शुभम सोनकर रमेश सिंह सुरेंद्र कुमार मिश्र, शशांक सोनकर, सोमदत्त मिश्रा,संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार की योजनाओ की जानकारी दी ग्राम प्रधान पुष्पा देवी, लेखपाल पदमेश कुमार शुक्ल कृषि विभाग के विजय कुमार कुशवाह, पंचायत सचिव त्रिलोक पटेल, रोजगार सेवक बृजेश कुमार, पंचायत सहायक स्वाती सैनी संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्वमं सहाता समूह, उज्जवला योजना पीएम सम्मान निधि,पीएम आवास की योजनाओ पर ध्यान केंद्रित कराया गया।

# हांड कपाने वाली ठंड में ठिठुर हो रहे हैं छोटे-छोटे स्कूली बच्चे

**कौशाम्बी।** दिन प्रतिदिन आसमान का पारा लुढ़क रहा है दिनों दिन ठंड बढ़ती जा रही है सुबह से दोपहर तक आसमान में कोहरा छाया रहता है लोग घर से नहीं निकालना चाहते हैं बड़े नेता और अधिकारी गर्म एसी रूम में बैठकर ठंड से बच रहे हैं बड़े नेताओं और अधिकारियों के वाहनों में भी गर्म एसी लगी हुई है जिससे उन्हें विकराल ठंड का एहसास नहीं हो रहा है सरकारी कार्यालय में हीटर ब्लोवर चला कर कमरे गर्म किया जा रहे हैं घरों में भी लोग आग जलाकर ठंड से बच रहे हैं गर्म कपड़े पहन रहे हैं लेकिन उसके बाद छोटे-छोटे मासूम बच्चों सहित स्कूली बच्चों के सामने हाड़ कपाने वाली ठंड यमराज बन कर खड़ी है। हाड़ कपाने वाली भीषण ठंड कोहरा के बाद भी प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे ही स्कूल की बसें यमराज बनाकर बच्चों के दरवाजे पहुंच जाती हैं जिस समय पूरे नगर के लोग रजाई में घुसे रहते हैं उस समय बच्चों को पूरी तैयारी के साथ स्कूल जाना होता है जबकि स्कूल में पढ़ाई भी इस समय ठीक से नहीं हो रही है स्कूल के शिक्षक भी ठंड में इधर-उधर समय व्यतीत कर रहे हैं लेकिन बच्चों से फीस मिलती रहे स्कूल आने वाले बच्चों से बस का किराया मिलता रहे यदि स्कूल बंद कर दिया जाएगा तो बस का किराया नहीं मिलेगा बच्चों की फीस नहीं मिलेगी स्कूल प्रबंधन की आमदनी कम हो जाएगी इसीलिए कान्वेंट स्कूल से लेकर नर्सरी स्कूल जूनियर हाई स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज सीबीएसई बोर्ड के कॉलेज नहीं बंद हो सके हैं स्कूल ना बंद किए जाने से स्कूल जाने वाले बच्चों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है आखिर इन बच्चों की मुसीबत कौन दूर करेगा छोटे-छोटे बच्चों ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक का ध्यान आकर्षित करते हुए शीतलहर कोहरा के समय नर्सरी केजी से लेकर इंटर तक के संपूर्ण सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद कराने की मांग की है इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक से बात की करने का प्रयास किया गया है लेकिन दोनों अधिकारियों के कार्यालय में उपलब्ध न होने से बात नहीं हो सकी।

**छोटे-छोटे मासूम बच्चों सहित स्कूली बच्चों के सामने यमराज बन कर खड़ी है हाड़ कपाने वाली ठंड**



## ठंड से युवक की मौत परिवार में कोहराम

**कौशाम्बी।** हाड़ कपाने वाली भीषण ठंड कोहरा शीतलहर से पर्याप्त बचाव के संसाधन ना होने के चलते लोग ठंड के प्रकोप में आ रहे हैं चरवा थाना क्षेत्र में गुरुवार की भोर एक मजदूर की ठंड लगने से मौत हो गई है मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैजानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के चरवा खुर्द में प्रदीप कुमार पुत्र स्व राम सुमेर मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की शाम प्रयागराज से मजदूरी कर के वह अपने घर आया। भीषण ठंड के कारण प्रदीप कुमार का अचानक पेट दर्द करने लगा। कुछ देर बाद तबियत बिगड़ती गई भोर चार बजे प्रदीप कुमार की इलाज के अभाव में घर पर ही मौत हो गई। मृतक के छोटे-छोटे दो बच्चे हैं। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी ने चरवा थाना पहुंच कर लिखित सूचना दिया। सूचना पाकर चरवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के समस्त बोर्ड के सरकारी निजी विद्यालयों को दिनांक 29 तथा 30 दिसम्बर 2023 को बंद रखने के आदेश

**अखंड भारत संदेश समाचार पत्र की सोशल मीडिया की खबर को जिलाधिकारी में संज्ञान लेकर जारी किया आदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी ने वर्तमान में चल रहें शीत लहर एवं ठंड के दृष्टिगत जनपद में संचालित कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के समस्त बोर्ड के सरकारी/ निजी विद्यालयों को दिनांक 29 तथा 30 दिसम्बर 2023 को बंद रखने के आदेश दिया है 31 दिसंबर को रविवार है अखंड भारत संदेश समाचार पत्र ने गुरुवार को शाम 7:00 बजे सोशल मीडिया में खबर वायरल कर ठंड में ठिठुरते स्कूली बच्चे वायरल कर अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया था खबर को संज्ञान लेकर जिला अधिकारी ने छुट्टी घोषित कर दी है। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने वर्तमान में चल रहें शीत लहर एवं ठंड के दृष्टिगत जनपद में संचालित कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के समस्त बोर्ड के सरकारी/निजी विद्यालयों को दिनांक 29 तथा 30 दिसम्बर 2023 को बंद रखने के आदेश दिए हैं। विद्यालय के शिक्षकगण विद्यालय में उपस्थित रहकर शासकीय कार्यों का संपादन करेंगे। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# खड़े डंपर से टकराए बाइक सवार एक की मौत दो लहूलुहान

**महेवाघाट कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा के कुआ डीह गिट्टी प्लांट के पास सड़क पर खड़े एक डंपर में पीछे से बाइक सवार टकरा गए है हादसे में तीनों युवक गम्भीर घायल हो गए हादसे की जानकारी मिलती ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुँची पुलिस ने हादसे में घायल तीनों युवकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति मौत हो गई है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली के ओसा गांव निवासी छोटू उम्र 15 वर्ष लगभग पुत्र कल्लू अपने साथी सचिन उम्र लगभग 14 वर्ष पुत्र अशोक सरोज निवासी ओसा और मंजय उर्फ माझा उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र भैया लाल निवासी बख्शी पुरवा मजरा पभोषा के साथ गुरुवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे एक बाइक में सवार होकर मंझनपुर की ओर वापस आ रहे थे जैसे ही बाइक सवार पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कुआं डीह गिट्टी प्लांट के पास पहुंचे सड़क पर खड़े डंपर में पीछे से घुस गए हैं जिससे बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए मौके पर चीख पुकार मच गई जिससे दर्दनाक हादसा हुआ है आसपास के मौजूद लोगों ने दुर्घटना की आवाज सुनी तो मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां बताया जाता है कि मंजय उर्फ मंझा की मौत हो गई है।



## कोहरा के चलते अनियंत्रित होकर पलट गई पिकअप

**चायल कौशाम्बी।** कोहरा के चलते पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर के पास बुधवार की रात अनियंत्रित होकर एक पिकअप पलट गई है हालांकि हादसे में किसी को गंभीर चोटे नहीं आई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई है जानकारी के मुताबिक मुकेश कुमार केसरवानी निवासी सरांय अकिल निवासी पिकअप पर चूनी लादकर मुट्ठीगंज प्रयागराज से सराय अकिल अपनी दुकान ले कर जा रहे थे पिकअप वैन जैसे ही पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर गांव के पास पहुंची बुधवार की लगभग 12:00 बजे रात कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक बाल बाल बच गया है कोई अनहोनी की खबर नहीं है।

# अलाव जलाए जाने का आखिर झूठा ढिंढोरा क्यों पीट रही है योगी सरकार

**कहीं-कहीं जलाए गए हैं अलाव जो हाड़ कपाने वाली शीतलहर ठंड कोहरे में पर्याप्त नहीं हो रहे हैं साबित**

**कौशाम्बी।** हाड़ कपाने वाली शीतलहर ठंड कोहरे के बीच गांव गांव प्रमुख स्थानों चौराहा बाजार सार्वजनिक स्थल अस्पताल स्कूल कॉलेज सरकारी कार्यालय थाना पुलिस चौकी रेलवे स्टेशन बस स्टैंड टेंपो स्टैंड पर अलाव जलाने का निर्देश योगी सरकार ने दिया है लेकिन योगी सरकार के अन्य निदेर्शों की तरह अलाव जलाने का निर्देश भी केवल अधिकारियों के कार्यालय की मीटिंग और सरकारी अभिलेखों तक सीमित रह गया है। जिले के समस्त नगर पंचायत नगर पालिका सहित प्रमुख प्रमुख चौराहा सार्वजनिक स्थलों रेलवे स्टेशन बस स्टॉप अस्पताल स्कूल कॉलेज बाजार पुलिस थाना पुलिस चौकी ब्लॉक कार्यालय आदि स्थानों पर अलाव जलाए जाने की पर्याप्त व्यवस्था कई दिन से हाड़ कपाने वाली शीतलहर ठंड कोहरे के बाद भी नहीं दिखाई पड़ रही है जहां अलाव जलाए भी गए हैं गीली लकड़ियां रख दी गई है मिट्टी के तेल की व्यवस्थाएं नहीं है जिससे लकड़ियाँ कुछ जलने के बाद ठंडी पड़ जाती हैं अलाव की लकड़ियों में केवल धुआं उठ रहा है पराली जलाने पर तो सरकार मुकदमा दर्ज कर रही है लेकिन अलाव की गीली लकड़ियाँ जलाने में उठने वाले धुएं के बाद सरकार किस पर मुकदमा दर्ज कराएगी। कोहरे शीत लहर में रेलवे स्टेशन बस स्टॉप सार्वजनिक स्थल मुख्य चौराहा अस्पताल स्कूल कॉलेज सरकारी कार्यालय थाना पुलिस चौकी ब्लाक आदि महत्वपूर्ण स्थान पर ठंड से बचाव के पर्याप्त संसाधन नहीं है सड़कों पर लोग ठंड से कांप रहे हैं हालांकि संबंधित जिम्मेदार पर्याप्त अलाव जलाने की बात कर रहे हैं जो बकवास साबित हो रहा है अलाव जलाए जाने के नाम पर सरकारी कार्यालय में बड़ा भ्रष्टाचार पनप रहा है लेकिन इस भ्रष्टाचार की जांच कौन करेगा जितनी लकड़ियां बिल वाउचर लगाकर खरीदी जाती है वास्तविकता में उतनी लकड़ियां अलाव में नहीं जलाई जाती है फर्जी बिल वाउचर के सहारे अलाव की लकड़ी का भुगतान कर जिम्मेदार अधिकारी मालामाल हो रहे हैं आम जनमानस गरीब कमजोर मजलूम और सार्वजनिक स्थान पर पहुंचने वाले लोग हाड़ कपाने वाली शीतलहर ठंड कोहरे में काँप रहे हैं ठंड के प्रकोप के चलते तमाम सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है अलाव जलाए जाने के नाम पर सरकारी कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार के मामले की यदि उच्च स्तरीय जांच कराई गई तो नगर पालिका नगर पंचायत से लेकर विभिन्न कार्यालय के भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा होना तय है लेकिन आम जनता का कहना है कि भ्रष्टाचार का खुलासा हो या ना हो हाड़ कपाने वाली शीतलहर ठंड कोहरे में सरकार और अधिकारी सार्वजनिक स्थल गली चौराहा रेलवे स्टेशन बस स्टॉप अस्पताल स्कूल कॉलेज बाजार आदि प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त सुखी लकड़ियां उपलब्ध कराकर 24 घंटे अलाव जलाने की व्यवस्था कर दे जिससे गरीब कमजोर मजलूम लोगो को हाड़ कपाने वाली शीतलहर ठंड कोहरे से राहत मिल सके।

# घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे की ईट से बनाई जा रही सड़क का ग्रामीणों ने रुकवाया काम

**नगर पालिका के सभासद सूरज यादव को फोन करके घटिया निर्माण की जनता ने दी जानकारी**



**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर चकमाहपुर पांडेयेमऊ का पुरवा में नगर पालिका ठेकेदार द्वारा घटिया किस्म का निर्माण कार्य कराया जा रहा है लोगों ने नगर पालिका के सभासद सूरज यादव को फोन करके घटिया निर्माण की जानकारी दी कि हमारे यहां जो सड़क बन रही है उसमें पीला ईट दोयम दर्जे का लगाया जा रहा है आम जनमानस से जानकारी मिलने के बाद निर्माण स्थल पर सभासद सूरज यादव मौके पर पहुंच कर वहां पर कार्य कर रहे मिस्त्री से पूछा कि यह कौन सा ईट है तो उसने बताया कि यह पिला ईट है जो ठेकेदार भेजेगा वही हम लगाएंगे घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे के पीले ईट से निर्माण की जानकारी मिलने के बाद सभासद सूरज यादव ने तत्काल अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भरवारी को यथा स्थिति अवगत कराया और कहा कि जो सड़क बनाने का मानक है उसी प्रकार से सड़क बनाई जाए। मौके पर स्थानीय उपस्थित लोगों ने बन रही सड़क का विरोध जताया और काम बंद करा दिया मनमानी करने वाले ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग की गई है।

## शैख ए मिल्लत मिशन टीम ब्रांच कौशांबी की जानिब से गरीबों को बांटें गए गर्म कपड़े




**करारी कौशाम्बी।** खलीफा ए हुजूर ताजुश शरिया हुजूर शैख ए मिल्लत हजरत अल्लामा मुफ़्ती मुहम्मद खुशनूद आलम एहसानी रजवी काजी-ए-शहर व मुफ्ती ए आजम कौशाम्बी की सरपरस्ती और हाफि ज राहत खान रजवी साहब की सदारत में 25/12/2023 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गरीबों और जरूरत मंदों में गर्म कपड़े,कंबल,रजाई,स्वेटर आदि का वितरण किया गया।तहरीक के अध्यक्ष हाफि ज राहत खान रजवी ने बताया कि हम इस गर्म कपड़े,कंबल,स्वेटर आदि बांटने का काम हुजूर शैख ए मिल्लत मद्दाज़िल्लाहुल आली की सरपरस्ती और हुक्म से पिछले कई सालो से करते आ रहे हैं और हर साल सैंकड़ों गरीबों को ये चीजें बांटी जाती हैं।तहरीक के मेंबर हाफि ज जहीर साहब और मुहम्मद राशिद खान साहब ने कहा कि हम कैंप लगाने के साथ साथ ऐसी बस्तियों में भी जाएंगे जहां जरूरत मन्द मौजूद हैं। अगला कपड़ा बैंक 01 जनवरी 2024 को कुबरी घाट कड़ा में लगेगा जो भी जरूरत मंद हैं वहां आ कर कपड़ा ले जा सकता है। तंजीम के सदस्य में हाफि ज शाहनवाज,मोहम्मद आमिर,मोहम्मद राशिद,मोहम्मद गुफरान,मोहम्मद नदीम,अहमद हसन मुफ़्ती रजी उल्लाह हाफि ज लईक सूफी नौशाद हाफि ज जुलफि कार हरम खान जैद खान मोहम्मद उमर शाहनवाज मुफ़्ती मुनाफ हाफि ज अवैश मोहम्मद मोबीन हाफि ज अफ्फान मौलाना गुलाम यजदानी आदि मौजूद रहे।

# प्रेमी के शादी से इनकार करने पर बालिका ने जहरीला पदार्थ खाकर मौत को लगाया गले



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहंदा गांव की एक बालिका ज्योति देवी का गांव के सुरेंद्र कुमार पुत्र जगतपाल से बीते दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था बालिका अपने प्रेमी युवक से परिजनों से छुप-छुप कर बराबर मिलती थी बालिका को प्रेमी युवक ने शादी करने का आश्वासन दिया था लेकिन दो वर्षों से लगातार चल रहे प्रेम प्रसंग के बीच जब बालिका ने युवक से शादी करने का दबाव बनाया तो युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया जिससे बालिका परेशान रहने लगी बुधवार की शाम फिर प्रेमी युवक बालिका के घर मिलने गया शादी को लेकर दोनों के बीच बातचीत हुई लेकिन युवक ने बालिका से शादी करने से इनकार कर दिया जिससे बालिका परेशान हो गई कुछ देर बाद युवक उसके घर से जाने लगा इसी बीच बालिका का भाई घर पहुंच गया बालिका के भाई ने देखा कि प्रेमी युवक के घर से जाने के बाद बालिका तड़प रही है आनन फानन में बालिका को लेकर परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी बालिका की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है चिकित्सकों ने बताया की तीव्र जहर खा लेने से बालिका की मौत हुई है मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्र अधिकारी समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची है परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत करने के बाद पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है बालिका की मौत के बाद घर परिवार में कोहराम मचा है।

संपादकीय

# ईश्वर अल्लाह की सच्ची भक्ति, माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा में ही है

भारतीय शास्त्रों कतेबों एवं और संस्कृतियों में मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव की शिक्षा दी जाती है।हमारे घर में भी यही सीख दी जाती थी।माता-पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीण संस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है।परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपेक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों कतेबों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। परंतु वर्तमान बदलते परिपेक्ष में बढ़ते आध्यात्मिक ट्रेंड में हमारे मान्यवर श्रद्धेय बाबाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी भी आई है, वही मीडिया में आई जानकारी में हम जानते हैं कि कई पर लंबी कार्यवाही भी हुई है खैर हमारा आज का विषयवस्तु यह नहीं है बल्कि हम चर्चा करेंगे कि आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं, अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं, अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकार अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फलाने आध्यात्मिक स्थल का सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाणचलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज जरूरत है,हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है। चूंकि दिनांक 26 दिसंबर 2023 को माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन पर कहा कि माता-पिता का ख्याल रखें,शिक्षकों का सम्मान करें और बढ़ते वृद्धआश्रमों पर दुख व्यक्त किया है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ईश्वर अल्लाह की सच्ची भक्ति माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा में ही है।

साथियों बात अगर हम माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में माता-पिता का ख्याल रखनें, सेवा करने व शिक्षकों का सम्मान करने की करें तो उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे हमेशा अपने शिक्षकों, अपने राष्ट्र का सम्मान करें और अपने माता-पिता का ख्याल रखें। वृद्धाश्रमों की वृद्धि पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि हमारे देश में वृद्धाश्रमों की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हमारे समाज में पारिवारिक बंधनों और रिश्तों को महत्व दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे हमेशा अपने माता-पिता और बड़ों का ख्याल रखें, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हो, उनका निवास स्थान कुछ भी हो, चाहे उन्होंने जीवन में कितना भी नाम, प्रसिद्धि और धन कमाया हो।उन्होंने आगे कहा कि भगवान की सच्ची भक्ति माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा में ही है। किसी भी विचार को क्रियान्वित करने के लिए साहस और दृढ़ता के महत्व को रेखांकित करते हुए, उन्होंने कहा, एक पैराशूट तभी काम करता है जब वह खुला होता है। पैराशूट की तरह महान मस्तिष्क का होना किसी काम का नहीं है। यदि आप इसे गिरा देते हैं और नहीं खोलते हैं, तो आपको परिणाम भुगतना पड़ेगा।विफलता को सबसे बड़े शिक्षक और अंततः सफलता की पहली सीढ़ी के रूप में बताते हुए, उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे असफलता से कभी न डरें और कभी निराश न हों।किसी भी विचार को क्रियान्वित करने के लिए साहस और दृढ़ता के महत्व को रेखांकित किया। इसलिए मेरा मानना है कि यदि हम माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान और सेवा करने की एक बार ठान लें तो वह होकर रहेगा।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में माता-पिता की उपेक्षा की करें तो, आज अधिकांश परिवारों में वृद्ध माता-पिता के जीवित रहने पर उनकी सेवा और चिकित्सा तो दूर, उनके साथ उपेक्षापूर्ण-पीड़ादायक व्यवहार किया जाता है। इतना ही नहीं, उनकी मृत्यु की प्रतीक्षा की जाती है।यह उपेक्षापूर्ण व निष्ठुरव्यवहार सर्वथा अनुचित है। आज वृद्धाश्रमों की बढ़ती हुई संख्या और तीर्थस्थानों में उम्रदराज भिखारियों को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वृद्ध माता-पिता की दशा कितनी दयनीय हो गई है। कितनी लज्जा की बात है कि जिन माता-पिता ने अपनी संतान के लिए अनेक प्रकार के कष्ट सहते हुए उन्हें पढ़ाया, सभी सुविधाएं उपलब्ध कराईं, स्वयं दुख सहते हुए संतान को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयत्न किए, वही संतान जीवन के अंतिम समय में उनको छोड़कर दूर रह रही है। युवा यह नहीं जानते कि एक दिन वे भी असहाय वृद्ध होंगे तब वे भी क्या अपनी संतान से इसी व्यवहार की चाह रखेंगे जैसा कि आज वे स्वयं अपने माता-पिता के साथ कर रहे हैं?

साथियों बात अगर हम वृद्धजनों के सम्मान व मूल्यों संबंधित धार्मिकता श्लोकों की करें तो, वृद्धजनों की सेवा के संबंध में यह श्लोक महत्वपूर्ण है : अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्॥

यानें वृद्धजनों को सर्वदा अभिवादन अर्थात सादर प्रणाम, नमस्कार, चरण स्पर्श तथा उनकी नित्य सेवा करने वाले मनुष्य की आयु, विद्या, यश और बल-ये चारों बढ़ते हैं। इस श्लोक का आशय स्पष्ट है कि हमें सदैव अपने माता-पिता, परिवार के ज्येष्ठ सदस्यों एवं आचार्यों की सेवा सुश्रुषा, परिचर्या का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वे सदैव प्रसन्न रहेंगे तभी हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा और हम उन्नति कर सकते हैं। माता-पिता और गुरु की सेवा एवं सम्मान करने पर दीघार्युभव, आयुष्मान भव, खुश रहो आदि आशीर्वाद प्राप्त होते हैं।

# बीते वर्ष में भारत ने निर्माण की नई रेखाएं खींचीं

– ललित गर्ग–

बीते वर्ष में सकारात्मकता की नयी तस्वीरें सामने आयी। ज्यादातर बड़ी सकारात्मक खबरें आर्थिक उपलब्धियों और नये राजनीतिक समीकरणों से जुड़ी हैं। साल के अंत में हुए विधानसभा चुनावों, महिला सशक्तीकरण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, नए संसद भवन के उद्घाटन, हर क्षेत्र में स्वदेशी की शक्ति और संसदीय-राजनीति, सुप्रीम कोर्ट के कुछ बड़े फैसलों, चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियां निराशा से ज्यादा आशाभरी खबरों ने आजादी के अमृतकाल में वास्तविक रूप में अमृतमय होने के संकेत दिये हैं। भारत की दिशा एवं दशा बदल रही है। बीते वर्ष में राजनीति से लेकर सामाजिक, आर्थिक से लेकर खेल तक, सुरक्षा से लेकर सौहार्द तक अनेक सकारात्मक दृष्टिकोण ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास को बल दिया है। चीन के हैंगजाऊ में हुए एशियाई खेलों में कई प्रकार के रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने खेल की दुनिया में बड़ा कदम रखा। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है पदक तालिका में ह्यसौ से अधिक पदकह्न प्राप्त करना करना। यह उपलब्धि देश के आकार को देखते हुए पर्याप्त नहीं है, पर पिछले प्रदर्शनों से इसकी तुलना करें, तो बहुत बड़ी है। यह भारत के विकसित होते बदलते सामाजिक-आर्थिक स्तर को भी रेखांकित कर रही है। शेयर मार्केट तमाम कयासों को झुठलाते हुए उच्चस्तर पर बना हुआ है। जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है, साथ ही जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 20 माह के उच्चतम स्तर 616 अरब डॉलर हो गया है। 25 मार्च, 2022 के बाद का यह उच्चतम स्तर है।



आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के पथ पर दौड़ रहे भारत ने हर क्षेत्र में स्वदेशी का लोहा मनवाया है। हमने युद्धपोत और हल्के लड़ाकू विमान से लेकर घातक ड्रोन तक बनाया है। देश में इस्तेमाल होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल हम खुद बना रहे हैं। अपने बूत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर भारत ने पूरी दुनिया को चौंकाया है। 85 से अधिक देशों को भारत स्वदेशी हथियार, उपकरण, ड्रोन, कलपुर्जे निर्यात कर रहा है। रक्षा उत्पादों में हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। रक्षा उत्पादों के निर्यात में वर्ष 2013-14 की तुलना में 23 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। प्रसिद्ध लोकोक्ति है कि अपनी बुद्धि से साधु होना अच्छा, पराई बुद्धि से राजा होना अच्छा नहीं। लेकिन हम अपनी बुद्धि, कौशल एवं तकनीक से राजा बन रहे हैं।

वर्ष 2023 महिलाओं की दृष्टि से ऐतिहासिक रहा। खेल, राजनीति, विज्ञान, व्यापार जैसे क्षेत्रों में महिलाओं ने खूब नाम कमाए हैं। देश में सावित्री जिन्दल का नाम सबसे धनाढ्य महिलाओं में सामने आया, इसी तरह अनेक महिलाएं आर्थिक क्षेत्र में नये कीर्तिमान गढ़ रही है। इस वर्ष में महिला सशक्तीकरण का बिगुल तब बजा जब सितंबर माह में ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न का उद्घोष हुआ। संसद में केंद्र सरकार ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की घोषणा की, यह ऐतिहासिक निर्णय नारी-भविष्य की तस्वीर बदल देगा। वर्तमान में लोकसभा के कुल 543 सदस्य हैं। वर्तमान में मौजूद सदन में महिलाएं 82 हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी होने के बाद 181 महिला सांसद होगी। यह अंतर आंकड़ों भर का नहीं होगा अपितु यह अंतर एक सशक्त देश की तस्वीर उकेरेगा। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न के दाग 2023 के अध्याय को कलंकित करते हैं, परंतु राहत की बात यह है कि केंद्रीय गृहमंत्री ने हाल ही में न्याय प्रणाली में सुधार के लिए ह्यभारतीय न्याय संहिता 2023ह्न सहित तीन विधेयक पेश किए। भारतीय न्याय संहिता 2023 सन् 1860 की पुरानी दंड संहिता की जगह लेगी। भारतीय न्याय संहिता 2023 की प्रमुख शक्तियों में से एक महिला के विरुद्ध अपराधों से संबंधित प्रावधानों को दी गई प्राथमिकता में निहित है। महिला उत्पीड़न पर कड़ी सजा का प्रावधान विश्वास दिलाता है कि महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों पर लगाम लगेगी। पिछले साल का अंत राहुल गांधी की ह्यभारत-जोड़ो यात्राह्न के दिल्ली पड़ाव के साथ हुआ था और इस साल उस यात्रा का फलितार्थ था 26 प्रमुख विरोधी दलों ने 18 जुलाई को बेंगलुरु में ह्यनए गठबंधन इंडियाह्न की बुनियाद रखते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाना।

राहुल गांधी के लोकसभा से अयोग्य घोषित होने और उनकी बहाली और संसद के शीत सत्र में 146 सांसदों के निलंबन ने संसदीय राजनीति से जुड़े कुछ गंभीर सवालों की ओर इशारा किया है।

हिंसा, आतंक एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने सांस्कृतिक एवं धार्मिक उत्थान एवं उन्नयन की अपूर्व परिवेश भी निर्मित किया गया, भारत के गौरव को पुनःस्थापित करने की अनूठी पहल हुई है। पांच सौ वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम नये वर्ष के प्रारंभ में टेंट से मंदिर में स्थापित होंगे। वाराणसी में विश्वनाथ धाम परिसर का लोकार्पण भारत की राजनीतिक सोच को एक नया आयाम एवं दृष्टि देने का विशिष्ट उपक्रम कहा जा सकता है। हमारे देश की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराएँ और आदर्श जीवन-मूल्य समृद्ध एवं सुदृढ़ रहे हैं, लेकिन पूर्व सरकारों ने उनके गौरव को राजनीतिक नजरिया देते हुए धूमिल किया है। लेकिन नये राजनीतिक सोच एवं सत्ता ने भारत को अपने सांस्कृतिक एवं धार्मिक वैभव से दुनिया को आकर्षित किया है, जो बीत वर्ष की सुखद घटनाएं कही जा सकती हैं। निश्चित रूप से काशी एवं अयोध्या राष्ट्रीयता का प्रतीक बनकर ये सशक्त भारत का आधार बनेंगे। इससे न सिर्फ वहां जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी, बल्कि संकीर्ण दायरों में सिकुड़ते गए एक आस्था और सभ्यता के प्रतीक को भी गरिमा प्राप्त होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी, जिसे हटाए जाने का फैसला पूरी तरह संवैधानिक है। इस निर्णय ने अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के 5 अगस्त, 2019 के फैसले पर कानूनी मुहर लगा दी। वैश्विक राजनीति में भारत के हस्तक्षेप की दृष्टि से दिल्ली में हुए जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

काशी परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य एवं शालीन तरीके से करते हुए प्रत्येक भारत को स्व-आस्था, स्व-संस्कृति एवं स्व-अस्तित्व का अहसास कराया है। भारत का सांस्कृतिक वैभव दुनिया में बेजोड़ रहा है, लेकिन तथाकथित राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते इस वैभव को दुनिया के सामने लाने की बजाय उसे विस्मृत करने की कुचेष्टाएं एवं षड़यंत्र लगातार होते रहे हैं। सुखद स्थिति है कि अब हमारी जागती आंखो से देखे गये स्वप्नों को आकार देने का विश्वास जागा है तो इससे जीवन मूल्यों एवं सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित करने एवं नया भारत निर्मित करने का माहौल एवं मंशा देखने को मिल रही है, जो नये वर्ष के लिये शुभ है, नये एवं समृद्ध भारत के अभ्युदय का द्योतक है।

बीते साल ने दुःख एवं निराशा के दृश्य भी दिये हैं। हिमाचल प्रदेश की बाढ़, सिलक्यारा सुरंग, बालेश्वर (बालासोर) ट्रेन-दुर्घटना, मणिपुर की हिंसा और उसके दौरान वायरल हुए शर्मनाक वीडियो से जुड़ी निराशाओं को भी भुलाना नहीं चाहिए। गत 13 दिसंबर को संसद भवन हमले की सालगिरह पर शीतकालीन सत्र के दौरान कुछ लोग अंदर कूद गए और उन्होंने एक कैन से पीले रंग का धुआं छोड़ा। उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की सरेआम गोली मारकर हत्या की खबर ने इस साल काफी सुर्खियां बटोरी। अप्रैल के महीने में खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल को एक महीने तक लगातार पीछा करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। बीता वर्ष का हर दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई एवं जुझारू व्यक्तित्व एवं नीतियों के नाम रहा। उन्ही के कारण विश्व में भारत के लिये एक नया नजरिया विकसित हुआ। उनके नाम पर लड़े गये विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हुई। तीनों राज्यों में भाजपा की सफलता के पीछे अनेक कारण हैं। मजबूत नेतृत्व, संगठन-क्षमता, संसाधन, सांस्कृतिक आधार और कल्याणकारी योजनाएं वगैरह-वगैरह। ह्यजो आज तक नहीं हुआ वह आगे कभी नहीं होगाह्न इस बूढ़े तर्क से बचकर भारत में नया प्रण जगायें। बिना किसी को मिटाये निर्माण की नई रेखाएं खींचें। यही साहसी सफर शक्ति, समय और श्रम को नये वर्ष में सार्थकता देगा।

# दिशाहीन रूढ़िवादिता और अंधविश्वास की डगर, प्रगतिशील शिक्षा ज्ञान का नया स्वरूप

भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन अंधविश्वासी रूढ़िवादिता की बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद में फंसा हुआ है। एक और भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद बना हुआ है कि वह योग को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख रहीं है वही देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है। भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज्जा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ हैं। भारतीय समाज रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं। रूढ़िवादिता तथा पश्चिम के खुले पन और उन्मुक्त होता का एक फ्यूजन तैयार हो रहा है। हमारा समाज आधुनिक अनश्वर को अपनाता है वहीं नवीन वैज्ञानिक पद्धति को भी अपना रहा है और नवयुग की ओर आकर्षित हो रहा है।

दूसरी तरफ अपने पारंपरिक दार्शनिक धार्मिक मूल्यों जैसे ज्ञान, भक्ति, कर्म मार्ग, अवतारवाद, पुनर्जन्म, आस्था तथा मोक्ष की अवधारणा और अहिंसा के सिद्धांतों पर अभी भी आस्थावान है। धर्म तथा अध्यात्म का आकर्षण कम होने के स्थान पर ज्यादा हुआ है। धार्मिक स्थलों के बढ़ते निर्माण धर्म गुरु के सत्संग, प्रवचन, पूजन, भजन ,कीर्तन, अजान ,अरदास, उपवास, रोजा, तीर्थ स्थलों, दरगाह पर भारी भीड़ यह सब सिद्ध करते हैं कि भारतीय समाज आधुनिक होने के साथ-साथ अंधविश्वास और रूढ़िवादिता पर भी विश्वास रखता है। इन्हीं सब कारको के कारण रूढ़िवादिता तथा पाश्चात्य दर्शन का अंतर्विरोध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखते हुए हम भारतीय समावेशी विकास की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ विकास के नाम पर खनन, पेडो की बेतरतीब कटाई जारी रख पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हैं। जल, जंगल, जमीन से लेकर हवा तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है, इससे रूढ़िवादिता और पश्चिमीकरण मैं द्वंद स्पष्ट उजागर होता है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय समाज ने अपने संविधान के निर्माण और व्यवस्था के गठन तक में रूढ़िवाद और आधुनिकता दोनों का समन्वय बनाकर दोनों ही वाद को पर्याप्त स्थान दिया है। परंपरागत मूल्यों को जहां मौलिक कर्तव्य राज्य नीति के निर्देशक तत्व और प्रस्तावना में स्थान दिया है। इसके अलावा मौलिक आजादी के समानता के सिद्धांत को फ्रांस से, संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से और मानवीय मूल अधिकार को अमेरिका से ग्रहण करने में जरा भी संकोच नहीं किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्तर पर भी भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। एलोपैथी पद्धति से इलाज ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है वही आयुर्वेद योग, परंपरागत आयुर्वेद, ध्यान, नेचुरोपैथी आदि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में भी लोगों की रुची बड़ी तेजी से बढ़ी है। रविंद्र नाथ टैगोर जी ने कहा है 'आधुनिकता पोशाक में नहीं विचारों में होनी चाहिए'

भारतीय समाज बाह्य वस्तुओं के साथ-साथ वैचारिक और संस्कृति स्तर पर भी रूढ़िवादिता और आधुनिकता दोनों की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। ऐतिहासिक तौर पर भी भारतीय कला और संस्कृति का विकास स्वयं में रूढ़िवादिता और आधुनिकता के समन्वयक का उत्कृष्ट उदाहरण अमीर खुसरो भारतीय वीणा और इरानी तंबूरे को मिलाकर सितार बना रहे थे। स्थापत्य की नागर शैली व मूर्ति कला की गंधार शैली अलग-अलग भारतीय व बाह्य कलाओं के समन्वय का उत्कृष्ट परिणाम है। मुस्लिम स्थापत्य पर भारतीय प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। हिंदी और फारसी के सहयोग से उर्दू का जन्म भारतीय समाज की ही देन है। इसीलिए यह बात स्पष्ट है कि रूढ़िवादिता और पाश्चात्य दर्शन के अनुसरण के लिए भारतीय जनमानस को दोनों दर्शन के सर्वोत्कृष्ट तत्वों को चुनकर उसे अंगीकार करना चाहिए। जिससे भारतीय समाज में विकास की गति भारतीय संस्कृति तथा आधुनिकता के साथ साथ तीव्र गति से हो पाए और मानव कल्याण संभव हो पाए।

**संजीव ठाकुर,स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# धर्म का आपातकाल

– सर्वमित्रा सुरजन

अखबार में खबरों के साथ की गई इस छेड़खानी और विज्ञापन के साथ किए गए इस घालमेल को बहुत से लोग सफल और अनूठा प्रयोग बता रहे हैं। इस अंग्रेजी अखबार में छपे विज्ञापन की टैग लाइन हिंदी में है, लेकिन उसकी लिपि रोमन है। यानी खबर ही नहीं, भाषा के साथ भी छेड़खानी जारी है। और हिंदी के साथ ऐसा दुर्व्यवहार इतना आम हो गया है, अब हिंदी पट्टी के लोगों ने भी इसका बुरा मानना छोड़ दिया है। उनके लिए यही गर्व की बात है कि देश के गृहमंत्री हिंदी को राष्ट्रव्यापी तौर पर लागू करने की वकालत करते हैं।

140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश में प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल को 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स मिल जाना एक उपलब्धि की तरह पेश किया जा रहा है। इस खबर को प्रसारित करने वाले बता रहे हैं कि आज तक दुनिया के किसी नेता के चैनल को इतने सब्सक्राइबर्स नहीं मिले। कोई ये सवाल नहीं कर रहा कि देश ने लोकतांत्रिक प्रणाली से प्रधानमंत्री को किसलिए चुना था, देश और जनता के हितों के काम करने के लिए या यूट्यूब चलाने के लिए। 2 करोड़ लोग अगर प्रधानमंत्री के चैनल से जुड़े भी हैं, तो इसमें लोगों का क्या भला हो रहा है। क्या 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स होने के बाद प्रधानमंत्री के चेहरे के साथ प्रसारित होने वाले बडे–बड़े विज्ञापनों पर हजारों करोड़ खर्च होना बंद हो जाएंगे। क्या इसके बाद प्रधानमंत्री के कटआउट के साथ बनाए जाने वाले सेल्फी प्वाइंट और नहीं बनेंगे। पता चला है कि एक सेल्फी प्वाइंट बनाने में लगभग 6 लाख का खर्च आया है, देश भर में ऐसे सैकड़ों सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं, यानी करोड़ों रूपए केवल सेल्फी खींचने में खर्च कर दिए गए और उसके बाद सरकार रोना रोती है कि खजाना खाली है। देश पर करोड़ों रूपयों का कर्ज चढ़ा हुआ है, मगर जनता को तरक्की और खुशहाली का आभास कराने के लिए बताया जा रहा है कि आपके प्रधानमंत्री के चैनल को कितने करोड़ लोगों ने सब्सक्राइब कर लिया है। गुजरे जमाने के नेताओं में भी आत्ममुग्धता, अहंकार, अदूरदर्शिता हुआ करती थी, गलतियां पहले के नेताओं ने भी बहुत कीं। कई बार सत्ता पर बैठे लोगों के फैसलों से लोगों को तकलीफ हुई।

लेकिन तब जनता जागरुक हुआ करती थी, संवैधानिक संस्थाओं में जिम्मेदारी का बोध कायम था और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की रीढ़ की हड्डी साफ नजर आती थी। अब इन सब को तलाशने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है।

ये जद्दोजहद वैसी ही है, जैसे महत्वपूर्ण खबरों के साथ उल्टी प्रकाशित कर दी गई तस्वीरों को देखना। अगर कहूं कि ये अमृतकाल में मीडिया का आपातकाल है, तो बहुत थकी और उबाऊ बात लगेगी। क्योंकि 10 सालों से हम यही देख रहे हैं कि मीडिया किस तरह सत्ता का गुलाम बन गया है। इस बात को कितने भी रोचक या अलग तरीके से कह लें, लेकिन सार यही रहेगा कि आज के मीडिया को देखकर घोर निराशा होती है। जनता तक सही सूचना, जानकारी और विचार पहुंचाने के अपने दायित्व को मीडिया ने सत्ता के पास गिरवी रख दिया है। पहले केवल पूंजी का दुष्प्रभाव मीडिया पर दिखता था, अब सत्ता का साथ भी उसमें है। यानी करेला वो भी नीम चढ़ा। जरूरी खबरों के साथ उल्टी तस्वीरों का प्रकाशन इस जहरीली कड़वाहट का एक नमूना है। दरअसल 4 दिन पहले देश के अग्रणी अंग्रेजी दैनिक ने अपनी खबरों के साथ सारी तस्वीरों को उल्टा लगाया। अगले पृष्ठ पर एक टूथपेस्ट का विज्ञापन था, जिसमें टैग लाइन दी गई, नींद में हो गया न उल्टा–पुल्टा। नींद भगाओ, ताजगी जगाओ।

अखबार में खबरों के साथ की गई इस छेड़खानी और विज्ञापन के साथ किए गए इस घालमेल को बहुत से लोग सफल और अनूठा प्रयोग बता रहे हैं। इस अंग्रेजी अखबार में छपे विज्ञापन की टैग लाइन हिंदी में है, लेकिन उसकी लिपि रोमन है। यानी खबर ही नहीं, भाषा के साथ भी छेड़खानी जारी है। और हिंदी के साथ ऐसा दुर्व्यवहार इतना आम हो गया है, अब हिंदी पट्टी के लोगों ने भी इसका बुरा मानना छोड़ दिया है। उनके लिए यही गर्व की बात है कि देश के गृहमंत्री हिंदी को राष्ट्रव्यापी तौर पर लागू करने की वकालत करते हैं। उन्हें ये भी अच्छा लगता है कि गरीबों के बच्चे सरकारी स्कूलों में हिंदी माध्यम से पढ़ाई करते हैं, लेकिन उनके आराध्य नेताओं के बच्चे विदेशों में जाकर पढ़ते हैं, और वहीं बसते हैं। इसलिए हिंदी पट्टी के राज्यों में भाजपा की फिर से जीत हुई है।

# संसद की सुरक्षा में सेंधमारी के चुनावी प्रभाव से बचा नहीं जा

– कल्याणी शंकर

2023 का भारतीय संसद भवन की सुरक्षा का उल्लंघन पूर्व में 2001 के आतंकवादी हमले के बाद शुरू किये गये पहले से ही कठोर सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। आगंतुकों की गहन जांच के लिए यह ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। संसद सदस्यों को पास की अनुशंसा करते समय सतर्क रहना चाहिए और उन्हें अपने कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। घुसपैठियों को भाजपा के मैसूरु सांसद की सिफारिश पर पास मिले थे।

सरकार ने गहन जांच के आदेश देकर त्वरित प्रतिक्रिया दी। घटना में शामिल सभी छह व्यक्तियों को पकड़ लिया गया है और उन पर कड़े कानूनों के तहत आरोप लगाये गये हैं।

संसद में हालिया सुरक्षा उल्लंघन के गंभीर राजनीतिक, चुनावी, विधायी और सुरक्षा निहितार्थ हैं। 146 सांसदों के अभूतपूर्व निलंबन ने अब विपक्षी इंडिया गठबंधन को एकजुट कर दिया है।

लोकसभा में दो घुसपैठियों को आगंतुक गैलरी से कूदते और लोकसभा के अंदर धुएं के डिब्बे खोलते हुए देखा गया। यह एक रहस्य है कि संसद की सुरक्षा करने वाली पांच स्तरीय सुरक्षा के बावजूद वे सदन में कैसे घुस गये।

दुर्भाग्य से, अतीत में विभिन्न देशों की संसदों पर हमले हुए हैं। इनमें 1981 का स्पेनिश तख्तापलट का प्रयास, 2017 का यूके संसद पर आतंकवादी हमला, 1987 का श्रीलंकाई संसद ग्रेनेड हमला, 2021 का यूएस कैपिटोल हमला और अक्टूबर 2023 का तुर्की सरकार भवन पर हमला शामिल है। प्रत्येक मामले में, तुरंत उचित सुधारात्मक उपाय किये गये।

भारतीय संसद पर हुए इस हमले के मामले में, घटना के तुरंत बाद, सुरक्षा और कड़ी कर दी गयी और संसद भवन की 'किलेबंदीज कर दी गयी। यहां तक कि उल्लंघन की उच्च–स्तरीय जांच के आदेश भी दिये गये। उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद और भी कदम उठाये जाने की उम्मीद है।

2023 का भारतीय संसद भवन की सुरक्षा का उल्लंघन पूर्व में 2001 के आतंकवादी हमले के बाद शुरू किये गये पहले से ही कठोर सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने के महत्व पर प्रकाश डालता है।

## कार्य पूरा न करने पर भूसंअ-द्वितीय का डीएम ने रोका वेतन

अखंड भारत संदेश



कृषि कार्यों की समीक्षा करते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कृषि बाबत योजनाओं की पाक्षिक समीक्षा बैठक में एग्री स्टैंक के तहत डिजिटल कॉप सर्वे, पीएम किसान योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना, निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण, एफपीओ, प्राकृतिक खेती योजना, किसान केडिट कार्ड, फसली ऋण, खेत तालाब, राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन, पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, पीएमकेएसवाई डब्ल्यूडीसी, अटल भू-जल योजना, प्रधानमंत्री खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, यूपी एमआईसी व प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की समीक्षा की।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए भौतिक व वित्तीय लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने तहसीलदार से कहा कि रबी मौसम में सभी सर्वेयर की आईडी ऐक्टिव कर एक जनवरी से डिजीटल कॉप सर्वे, कृषि विभाग, लेखपाल व चकबंदी लेखपाल को लगाकर करायें। उप कृषि निदेशक को यंत्र बांटने को ई-लॉटरी से चयन प्रकिया पूरी करने, मत्स्य-पशुपालन क्षेत्र में रूचि रखने वाले किसानों को राज्य के अन्दर प्रशिक्षण करायें। प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक व उप कृषि निदेशक को कैम्प लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड व फसली ऋण बांटने का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये। भूमि संरक्षण अधिकारी को खेत-तालाब के कच्चे व पक्के कार्यो की पूर्ति 15 दिन में करने के निर्देश दिये। खेत-तालाब कार्य समय से पूरा न करने पर भूमि संरक्षण अधिकारी कर्वी द्वितीय व प्राविधिक सहायक ग्रुप-1 का वेतन रोकने के निर्देश दिये। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी के गैरहाजिर रहने पर सीडीओ को कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीडीए कृषि राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, भूमि संरक्षण अधिकारी इकाई कर्वी प्रथम देवेंद्र सिंह निरंजन, भूमि संरक्षण अधिकारी इकाई चित्रकूट राजकुमार यादव समेत तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

## एसपी के निर्देशः 16 पर मिनी गुण्डा से मची खलबली

अखंड भारत संदेश



एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में पुलिस ने 16 लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले गनेश सिंह पुत्र शंकर सिंह चैरा, छोटा, अन्नू, गेंदी पुत्र नंदा ओरा, रामनारायण पुत्र सिकंदर देवल, रामनरेश पुत्र शिवमंगल सभापुर, राजा दशरथ पुत्र फेरम नोनार, मनमोहन उर्फ दादू पुत्र गजराज जरिहा, कुलदीप सिंह पुत्र शंकर सिंह चैरा, रामविलाश उर्फ रामसादर पुत्र राजा दशरथ नोनार के विरुद्ध 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मौर्य ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले अर्जुन पटेल पुत्र सोहनलाल बरगढ़ मोड़, शिवप्रसाद पुत्र असफीर्लाल कोठीकोल, रामचन्द्रपाल पुत्र समयलाल पाल, समयलाल पुत्र बुलाई अतरी, जावेद पुत्र दोस्त मुहम्मद व संदीप कुमार रैदास पुत्र चिन्तामणि रैदास खोहर के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खलबली मची है।

### चोरी का वांछित दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा विजय बहादुर यादव ने दीवान जय सिंह, सिपाही शक्ति सिंह के साथ चोरी व माल बरामद मामले के वांछित सूरज कुमार पुत्र ननकहू निवासी पिण्डारा मेहराज थाना मुसाफिरखाना जिला अमेठी को गिरफ्तार किया।

## निरीक्षक गिरेन्द्र सिंह बने पुलिस उपाधीक्षक

अखंड भारत संदेश



स्टार व कैप लगाती एसपी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नति पाने वाले निरीक्षक गिरेन्द्र सिंह को सफेद धातु के स्टार व नीली कैप लगाकर अलंकृत किया।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नति पाने पर पुलिस उपाधीक्षक गिरेन्द्र सिंह को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय राज कमल, वाचक पारितोष दीक्षित मौजूद रहे।

### कर्वी कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस ने दो वारंटी दबोचे हैं। गुरुवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने सिपाही आकाश कुमार के साथ आर्म्स एक्ट के वारंटी वीरेन्द्र सोनी उर्फ लाला पुत्र देवनारायण सोनी निवासी कुबेरगंज को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल पाण्डेय ने सिपाही विकास के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी रावेन्द्र सिंह पुत्र राजनारायण सिंह निवासी कर्वी माफी को गिरफ्तार किया।

## राजकीय शिक्षक संघ के रामकेश बने अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश



राजकीय शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी।

**चित्रकूट।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में राजकीय शिक्षक संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में जिला कमेटी के चुनाव में रामकेश को जिलाध्यक्ष, डॉ प्रदीप शुक्ला को कार्यकारी अध्यक्ष व प्रमोद पाल को जिला मंत्री चुना गया।

गुरुवार को प्रांतीय कार्यकारिणी से नियुक्त संयोजिका श्रीमती कमला साहू व सह संयोजक श्रीमती सुनीता देवी, डॉ प्रदीप शुक्ल, प्रमोद पाल के सहयोग से बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र, प्रान्तीय संरक्षिका श्रीमती छाया शुक्ला, प्रान्तीय अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, महामंत्री सत्यशंकर मिश्र व प्रान्तीय मंत्री अनिल कुमार की मौजूदगी में जिला कार्यकारिणी के दो वर्ष पूरे होने पर नई कार्यकारिणी गठित की गई।

संरक्षिका कमला साहू, संरक्षक कैलाशचंद्र शुक्ला, अध्यक्ष रामकेश कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष डा प्रदीप शुक्ल, मंत्री प्रमोद पाल, महिला मंत्री शोभा देवी, संगठन मंत्री पुरषोत्तम प्रजापति बनाये गये। संगठन की मजबूती को चार क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाये गये। कर्वी क्षेत्र अध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा, मानिकपुर क्षेत्र अध्यक्ष रेखा त्रिपाठी, मऊ क्षेत्र अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, राजापुर क्षेत्र अध्यक्ष अनिल शर्मा बनाये गये। निर्वाचन अधिकारी के बतौर प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद गुप्ता व प्रधानाचार्य भैरव प्रसाद मौजूद रहे। संचालन डॉ प्रदीप शुक्ल, पुरुषोत्तम प्रजापति, अजय त्रिपाठी ने किया। श्रीमती रश्मि बाजपेयी व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये।

## विधायक का पत्रः बीएसए ने तीस तक बन्द किये विद्यालय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** घने कोहरे के मद्देनजर सपा सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि कोहरा व कड़ाके की ठंड में मासूम बच्चों का विद्यालय जाना जोखिम भरा है। मजबूरी में बच्चे विद्यालय जाते हैं। कड़ाके की सर्दी व कोहरे के चलते सभी विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाये।

इसी क्रम में गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शीतलहर-गलन व कोहरे के मद्देनजर जिले के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त, वित्त विहीन, सीबीएससी व आईसीएससी नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यालय 29-30 दिसम्बर तक शिक्षण कार्य बन्द रहेगा। सभी विद्यालय स्टाफ विद्यालयों में मौजूद रहकर विभागीय कार्य करेंगे। इस आदेश का अनुपालन तत्काल प्रभाव से किया जाये।

## विधानसभा में गूंजेगा हरीमोहन सिंह का मामला

अखंड भारत संदेश



प्रतिनिधि मंडल को ध्वस्त घर दिखाते हरीमोहन यादव।

**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव समेत प्रदेश समिति मंडल कोतवाली कर्वी के लोढवारा गांव के हरीमोहन यादव के दो मंजिला घर प्रशासन के गिराने को लेकर जांच करने पहुंचा।

गुरुवार को सपा प्रतिनिधि मंडल ने लोढवारा के हरीमोहन यादव के दो मंजिला घर व कृषि योग्य जमीन, चार पहिया, दोपहिया वाहन प्रशासन के ध्वस्त व जब्त करने की मौके पर जांच की। पीडित परिवार से भेंटकर बातचीत की। प्रतिनिधि मंडल ने ध्वस्त घर, कुर्क जमीन का मौका मुआयना किया। दस्तावेजों की पडताल की। उन्हें बताया गया कि जिला प्रशासन ने भाजपा सरकार के इशारे पर द्वेषवश कार्यवाही की है। हरीमोहन सिंह यादव सपा कार्यकर्ता हैं। इससे भाजपा सरकार उनका उत्पीडन कर रही है। विधान परिषद सदस्य डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि पूरे मामले की जांच कर आख्या राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपी जायेगी। दमनात्मक कार्यवाही को सदन में उठाकर प्रशासन से जवाब मांगा जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, राज्यसभा पूर्व सांसद विशम्भर सिंह निषाद, विधायक बबेरु विशम्भर सिंह यादव, सदर विधायक अनिल प्रधान, उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, महासचिव सत्यनारायण पटेल, मो गुलाब खां समेत एक सैकडा से अधिक सपाई मौजूद रहे।

## 31 को किसान ले सकते हैं बीजः डीएचओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडेय ने जिले के सभी किसानों से कहा है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना व अनुसूचित जाति/जनजाति किसानों के औद्यानिक विकास योजना के तहत संकर शाकभाजी/ मसाला/पुष्प क्षेत्र विस्तार में पंजीकृत किसानों को विभाग ने हॉफेड की इम्पैनल्ड कम्पनियों व नैफेड से बीज बांटे जा रहे हैं।

गुरुवार को उन्होंने कहा कि जिला उद्यान कार्यालय, जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय परिसर से 31 दिसंबर को बीज बांटे जायेंगे। जिले के सभी किसान संकर शाकभाजी/मसाला/पुष्प क्षेत्र विस्तार को पंजीकृत किसान 31 दिसंबर को कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी के यहां से खुद व संबंधित अभिलेख आधारकार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, आनलाइन पंजीकरण पावती की छायाप्रति समेत आकर चयनित फसल व क्षेत्रफल के अनुरुप बीज ले सकते हैं।

# कोरोना में वैक्सीन देकर पीएम ने बचाई थी लोगों की जानः सांसद

## पहाडी अस्पताल में अब मिलेगी एक्स-रे/अल्ट्रासाउंड की सुविधा

अखंड भारत संदेश



मानसिक स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ करते सांसद आरके सिंह पटेल।

**पहाड़ी/चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने मानसिक स्वास्थ्य मेले का बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर शुभारंभ किया। अल्ट्रासाउंड मशीन, डिजिटल एक्स-रे की पूजा की। अधीक्षक डॉ उदय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि/सांसद आरके सिंह पटेल का माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ भेंटकर आभार जताया।

गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में सांसद आरके सिंह पटेल ने सीटी स्कैन सुविधा देने का भरोसा दिया। सांसद ने कहा कि सरकार आयुष्मान गोल्डन कार्ड से गरीबों को पांच लाख के मुफ्त इलाज की सुविधा सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में दे रही है। किसी गरीब को इलाज में कर्ज की जरूरत नहीं है। सरकार गरीबों को रोग मुक्त करने का बीड़ा उठाये है। कोरोना काल में सबसे पहले वैक्सीन बनाने का काम भारत में हुआ। विश्व के तमाम देशों को वैक्सीन देकर जान बचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। दूर-दराज से आये मानसिक रोगियों का मानसिक स्वास्थ्य कैंप में डॉक्टरों ने परीक्षण कर निःशुल्क दवायें दी। जनता की सुविधा को सांसद आरके सिंह पटेल के प्रयासों से अत्याधुनिक मेडिकल संसाधन, एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में उपलब्ध हुई हैं। ये कार्य इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के सीएसआर योजना से भारती सामाजिक सेवा संस्थान नई दिल्ली ने कराया है। इस मौके पर भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार, अधीक्षक डॉ उदय प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट मानसिंह, डॉ सुधीर सिंह, डॉ दीपक यादव, डॉ विद्या, डॉ मोहित विद्यार्थी, डॉ बरखा, डॉ मोहिनी, काउंसलर सोनम त्रिपाठी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राधे कृष्ण, बीसीपीएम नरगिस जहां, मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता डॉ नरेंद्र देव पटेल, संजय कुमार, विनोद कुमार, एएनएम संगिनी, आशा शबनम बेगम, सुनीता नामदेव, विद्यावती साहू, ममता आदि मौजूद रही।

## महोबा ने कटनी को सात विकेट से हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट के ग्रुप डी का पहला लीग मैच कटनी व महोबा के बीच खेला गया। कटनी ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग का निर्णय लिया। कटनी टीम बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 134/9 रन बना सकी।

गुरुवार को कटनी ने 135 रन का लक्ष्य दिया। कटनी से कृष्णा ने 56 गेंद में 55 रन, सचिन ने 32 गेंद में 14 रन बनाये। महोबा से गेंदबाजी कर याशु वर्धन ने 23 रन देकर चार विकेट, अमन ने 16 रन देकर दो विकेट लिये। लक्ष्य को पाने को महोबा टीम 11.1 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर मुकाबले को सात विकेट से अपने नाम कर लिया। महोबा से अर्पित 20 गेंद में 42 रन, यशु वर्धन ने 20 गेंद में 39 रन की पारी खेली और मैन आफ दी मैच रहे। कटनी की ओर से गेंजबाजी करते हुऐ अफजल अली ने 4 ओवर में 52 रन और अमन ने 2 ओवर में 29 रन दिया। महोबा ने इस मुकाबले को 7 विकेट से अपने नाम किया। मैच के मुख्य अथिति एसडीएम जशीन, भाजपा नेता हीरो मिश्रा, अभिषेक ओझा, हिमांशु मिश्रा, रंजीत त्रिपाठी रहे। मैच के अंपायर विजय भारद्वाज, ऋषि यादव, स्कोरर सौरभ नाहर, मीडिया प्रभारी दीपक मिश्रा, शमसुद्दीन खान, राकेश मिश्रा, इरफान खान, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, लल्लू रैकवार आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

### आज व कल छाया रहेगा घना कोहरा

**चित्रकूट।** मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ से मिली सूचना के मुताबिक 29 दिसम्बर को घना कोहरा व 30 दिसम्बर को माध्यम कोहरा छाये रहने के आसार हैं।

गुरुवार को दीनदयाल शोध संस्थान तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र गनीवा के वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि कोहरा व पाले से बचाव को खेतों में उचित नमी बनाये रखें। खेतों में धुंआ करें। पशुओं को गर्म बोरे से ढककर सुरक्षित स्थान पर रखें। उन्हें गुनगुना पानी पिलायें। गुड़ व सरसों की खली का मिश्रण खिलायें। यात्रा से बचाव करें।

## निजी खाते में रुपये डालने पर प्रधानों को नोटिस

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** प्रधानों ने गांवों में कराये विकास कार्यों में मजदूरी करने वाले श्रमिकों की मजदूरी निजी खाते में भुगतान कर लिया है। जिला प्रशासन ने प्रधानों के खिलाफ पंचायती राज अधिनियम की धारा 95(1)(छ) के तहत नोटिस जारी की है। गुरुवार को जिला प्रशासन ने प्रधानों को मजदूरी भुगतान के अभिलेख/साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। मानिकपुर ब्लाक के सरैंया की प्रधान गीता देवी व भौंरी की प्रधान सत्यभामा को नोटिस भेजी है। रामनगर ब्लाक के सुहेल के प्रधान अरविन्द कुमार को भी नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। प्रधानों ने निजी खाते में लाखों रुपए का भुगतान किया है। जांच बाद प्रधानों पर शिकंजा कस सकता है। प्रशासन ने प्रधानों पर बडी कार्यवाही की है।

## कांग्रेसियों को लोकतंत्र बचाने का दिलाया संकल्प



पार्टी का स्थापना दिवस मनाते कांग्रेसी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के 139वां स्थापना दिवस पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेस का ध्वज फहराकर गोष्ठी हुई।

गुरुवार को गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि महात्मा गांधी, पं नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, शास्त्री जी तमाम महापुरुषों ने पार्टी को बढ़ाने में योगदान दिया था। देश की प्रगति में कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई है। देश में लोकतंत्र व संविधान आज खतरे में है। तानाशाही सरकार चल रही है। सभी कांग्रेसियों को लोकतंत्र बचाने का संकल्प दिलाया। कांग्रेस को मजबूत करने का आवाहन किया। वरिष्ठ कांग्रेसी रमादत्त मिश्रा को माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर रंजना बरातीलाल पांडे, अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, राकेश वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, राजेश सिंह, चुनबाद, मानवेंद्र पटेल, जगजाहिर पटेल, अरुण गुप्ता, धीर सिंह, संतोष कुमार आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## लाल सागर में स्थिति सामान्य होने से तेल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली**, पिछले कुछ दिनों में भारी गिरावट के बाद तेल की कीमतें अब स्थिर हो गई हैं। लाल सागर मार्ग पर शिपिंग व्यवधानों के बारे में चिंताएं कम हो गईं हैं, हालांकि मध्य पूर्व में तनाव लगातार बढ़ रहा है। मीडिया रिपोर्टों में ये बात कही गई है।
ब्रेंट क्रूड वायदा 10 सेंट या 0.1 प्रतिशत बढ़कर 79.75 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि यूएस डब्ल्यूटीआई क्रूड वायदा 5 सेंट कम होकर 74.06 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।
कहा गया है कि बुधवार को कीमतों में लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट आई। ये तब हुआ जब प्रमुख शिपिंग कंपनियां लाल सागर में लौटने लगीं।
निसान प्रतिभूति की इकाई एनएस ट्रेडिंग के प्रेसिडेंट हिरोयुकी किकुकावा ने कहा, "लाल सागर में शिपिंग के बारे में चिंताएं कम हो गई हैं, लेकिन मध्य पूर्व में तनाव, खासकर ईरान की भागीदारी को लेकर जारी चिंता के कारण इससे आगे बचना मुश्किल हो गया है।"
उन्होंने कहा, "बाजार में फिर से तेजी आने की संभावना है... शायद नए साल की शुरूआत में, संयुक्त राज्य अमेरिका में मौद्रिक ढील और उत्तरी गोलार्ध में सर्दियों के दौरान केरोसिन की अधिक मांग के कारण ईंधन की मांग में सुधार की संभावना है।"

## तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन ने नेतन्याहू की तुलना हिटलर से की

**अंकार।** इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध और विनाशकारी इजराइली मिसाइलों से आहत तुर्किए के राष्ट्रपति तैयब एर्दोगन ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तुलना हिटलर से की।
तैयब एर्दोगन ने गाजा पर इजरायल के हमलों की तुलना नाजियों द्वारा यहूदी लोगों के साथ किए गए दुर्व्यवहार से की। उन्होंने कहा कि इजरायल का समर्थन करने वाले पश्चिमी देश युद्ध अपराधों में शामिल थे। नाटो सदस्य तुर्किए ने गाजा पर इजरायल के हवाई और जमीनी हमले की कड़ी आलोचना की और इसे आतंकवादी राज्य करार दिया। साथ ही तुर्किए ने कहा कि इजरायल के नेताओं पर अंतरराष्ट्रीय अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।
एर्दोगन ने कहा कि आप में और हिटलर में क्या अंतर है? वें हमें हिटलर की याद दिलाने जा रहे हैं। क्या नेतन्याहू ने जो किया, वह हिटलर ने जो किया था उससे कम है या नहीं?
उन्होंने कहा कि वह हिटलर से भी अधिक अमीर है, उसे पश्चिम से समर्थन मिलता है। अमेरिका से तो हर तरह का समर्थन मिलता है और उन्होंने इन तमाम समर्थनों के साथ क्या किया, उन्होंने 20,000 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला।
उधर, तैयब एर्दोगन के बयान पर पलटवार करते हुए बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कुर्दों के खिलाफ नरसंहार में शामिल तैयब एर्दोगन के पास सरकार का विरोध करने वाले पत्रकारों को जेल में डालने का विश्व रिकॉर्ड है, वह आखिरी व्यक्ति हैं, जो हमें नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं।
ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सहमे ड्रैगन ने दी गीदड़भभकी, बोला- राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए सेना उठाएगी जरूरी कदम
ताइवान में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने एक बार फिर से ताइवान को धमकी दी है। चीन ने ताइवान पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने की अपनी धमकी दोहराई। चीनी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि चीन के सैनिक हमेशा की तरह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की मजबूती से रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

## ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सहमे ड्रैगन ने दी गीदड़भभकी, बोला- राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए सेना उठाएगी जरूरी कदम



**एपी, ताइपे।** ताइवान में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने एक बार फिर से ताइवान को धमकी दी है। चीन ने ताइवान पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने की अपनी धमकी दोहराई, जिसे वह हमेशा से अपना क्षेत्र मानता रहा है।

**चीनी सैनिक किसी भी हद तक जाने को तैयार**
चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने गुरुवार को कहा कि चीन के सैनिक हमेशा की तरह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की मजबूती से रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

**ताइवान में चुनाव से पहले बौखलाया चीन**
बता दें कि चीन काफी समय से ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश में जुटा हुआ है। इसी बीच, अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चीन बौखला गया है। ताइवान को डराने-धमकाने की अपनी नीति को लेकर चीन, ताइपे के पास युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेजना जारी रखा है। वहीं, चीन के इस हरकत पर ताइवान की सेना ने कहा है कि वह चुनाव को लेकर सतर्क है।

**चीन ने अमेरिका पर भी साधा निशाना**
रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने अपने आरोप दोहराते हुए कहा कि अमेरिका, ताइवान को जानबूझकर चीन के साथ तनाव बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इधर, ताइवान ने अपनी नौसेना, वायु सेना और जमीनी बलों की तैनाती को बढ़ाया है, जो चीन को एक करारा जवाब है।

**चीन और ताइवान के बीच तनाव**
बता दें कि चीन और ताइवान के बीच काफी लंबे समय से तनाव जारी है। कुछ महीनों पहले चीन ने ताइवान के तट पर अपनी तैनाती बढ़ा दी थी, जिससे युद्ध की आशंका बन गई थी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# आर्थिक सहयोग को विस्तार देंगे भारत एवं रूस



**मॉस्को,** रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने विश्व में जारी उथल-पुथल के बावजूद भारत रूस संबंधों में प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को विस्तार देने की आवश्यकता जताई है।
राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने कल देर शाम भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से क्रेमलिन में हुई मुलाकात के दौरान यह बात कही। बैठक में रूसी पक्ष से, विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर अंतर सरकारी रूसी-भारतीय आयोग के रूसी पक्ष के अध्यक्ष डेनिस मंटुरोव तथा राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने भाग लिया। डॉ जयशंकर ने श्री पुतिन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक विशेष पत्र भी सौंपा।
क्रेमलिन के अनुसार श्री पुतिन ने कहा कि हमारा व्यापार लगातार दूसरे वर्ष और आत्मविश्वासपूर्ण गति से बढ़ रहा है। इस वर्ष, विकास दर पिछले वर्ष से भी अधिक थी। यह सामान्य ज्ञान है कि यह मुख्य रूप से ऊर्जा संसाधन हैं - तेल, तेल उत्पाद और कोयला, लेकिन यह सिर्फ इतना ही नहीं है। हम हाई-टेक क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं।
रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ह्लहमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक मित्रों, भारत और भारतीय लोगों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं। मैं श्री मोदी की स्थिति जानता हूं और हम इस बारे में एक से अधिक बार बात कर चुके हैं। मैं उनकी स्थिति, हॉट स्पॉट, यूक्रेन की स्थिति सहित जटिल प्रक्रियाओं के प्रति उनके रवैये की बात कर रहा हूं। मैंने उन्हें इस संघर्ष के आसपास की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है। मैं शांतिपूर्ण तरीकों से इस समस्या को हल करने के उनके प्रयास के बारे में जानता हूं। उन्होंने कहा, ह्लहमें अपने मित्र श्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी।' हमें वर्तमान मुद्दों पर चर्चा करने और रूस-भारत संबंधों के विकास की संभावनाओं के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा। हमें बहुत सारी संभावनाओं पर चर्चा करना है। राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने कहा, ह्लमुझे एहसास है कि अगले साल, भारत का घरेलू राजनीतिक कैलेंडर सरल नहीं है। यह देखते हुए जटिल है कि भारत में संसद के लिए आम चुनाव होंगे। हम भारत में अपने दोस्तों की सफलता की कामना करते हैं। हमारा मानना है कि हम राजनीतिक ताकतों के किसी भी गठबंधन में अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखेंगे। विदेश मंत्री ने कहा ह्लसबसे पहले वह श्री मोदी की व्यक्तिगत शुभकामनाएं व्यक्त करने की अनुमति दें, और उन्होंने मेरे माध्यम से आपको एक पत्र भी भेजा है, एक पत्र जिसमें हमारे सहयोग की स्थिति और हमारे द्वारा की गई प्रगति के बारे में अपने विचार व्यक्त किए गए हैं।डॉ, जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री निश्चित रूप से, अगले साल रूस का दौरा करने के लिए उत्सुक हैं, और उन्हें यकीन है कि हम एक ऐसी तारीख ढूंढ लेंगे जो दोनों देशों के राजनीतिक कैलेंडर के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक हो। तो यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका वह इंतजार कर रहा है।
विदेश मंत्री ने कहा, ह्लमैं इस अवसर पर हमारे द्वारा की गई प्रगति के कुछ पहलुओं को आपके साथ साझा करना चाहूंगा, और पिछले दो दिनों में, उप प्रधान मंत्री मंतुरोव के साथ और आज विदेश मंत्री लावरोव के साथ भी इस पर चर्चा करने का अवसर मिला। और मैं, आपकी तरह, व्यापार में हमने जो प्रगति की है, उस पर प्रकाश डालूंगा, जो कि 50 अरब डॉलर के कारोबार से अधिक है। और हमारा मानना है कि यह ऐसी चीज है जिसकी क्षमता अब दिखाई देने लगी है। यह महत्वपूर्ण है कि हम इसे अधिक टिकाऊ चरित्र दें और हमने चर्चा की कि हमें यह कैसे करना चाहिए। दूसरा पहलू परमाणु पक्ष से संबंधित है, और हमने कल समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं जो कुडनकुलम परियोजना को आगे बढ़ाएंगे।

# अमेरिकी सेना ने इराक में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बमबारी की



**वाशिंगटन।** रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य बलों ने क्रिसमस की रात इराक में उन ठिकानों पर हवाई हमला किया, जिनका इस्तेमाल इराकी अर्धसैनिक समूह कताइब हिजबुल्लाह, जिसे हिजबुल्लाह ब्रिगेड के नाम से जाना जाता है, उसके सहयोगियों द्वारा किया जाता था।
रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि ये हमले राष्ट्रपति जो बाइडेन के आदेश पर और क्षेत्र में गठबंधन बलों के खिलाफ समूहों द्वारा किए गए हमलों के जवाब में किए गए थे।
उन्होंने एक बयान में कहा, ह्लउन हमलों में से एक 25 दिसंबर को एरबिल एयर बेस पर हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप तीन अमेरिकी कर्मी घायल हो गए थे। एयर बेस पर हमले के चलते एक सेवा सदस्य की हालत गंभीर हो गई।"
ऑस्टिन ने कहा, "मेरी प्रार्थनाएं उन बहादुर अमेरिकियों के साथ हैं जो घायल हुए हैं।"
उन्होंने कहा,"और मैं स्पष्ट कर दूं - राष्ट्रपति और मैं संयुक्त राज्य अमेरिका, हमारे सैनिकों और हमारे हितों की रक्षा के लिए जरूरी कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे।"
ऑस्टिन ने कहा, "कोई उच्च प्राथमिकता नहीं है। जबकि हम ऐसा नहीं चाहते, क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाने के लिए हम अपने लोगों और हमारी सुविधाओं की सुरक्षा के लिए और जरूरी उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध और पूरी तरह से तैयार हैं।"
एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यूएस सेंट्रल कमांड कमांडर जनरल माइकल एरिक कुरिला ने एक बयान में कहा, "इन हमलों का उद्देश्य इराक और सीरिया में गठबंधन बलों पर हमलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार तत्वों को जवाबदेह ठहराना और हमले जारी रखने की उनकी क्षमता को कम करना है।"

**"हम हमेशा अपनी सेनाओं की रक्षा करेंगे।"**
राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति को "आज सुबह हमले के बारे में तुरंत जानकारी दी गई, और उन्होंने रक्षा विभाग को जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया विकल्प तैयार करने का आदेश दिया"।
मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि बाद में ऑस्टिन के साथ एक कॉल पर बाइडेन ने कातिब हिजबुल्लाह और संबद्ध समूहों द्वारा उपयोग किए जाने वाले तीन स्थानों पर हमले का आदेश दिया, जो विशेष रूप से मानव रहित हवाई ड्रोन गतिविधियों पर केंद्रित थे।
वॉटसन के बयान में कहा गया है, "राष्ट्रपति नुकसान पहुंचाने वाले अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा से बढ़कर कोई प्राथमिकता नहीं रखते हैं। अगर ये हमले जारी रहते हैं तो संयुक्त राज्य अमेरिका हमारी पसंद के अनुसार समय और तरीके से कार्रवाई करेगा।"

## अमेरिका से तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने अपनाई नई रणनीति, तानाशाह किम जोंग ने वाशिंगटन को दी ये चेतावनी




**एपी, सियोल।** अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने नई रणनीति अपनाई है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिकी कदम (टकरावों) को विफल करने के लिए युद्ध की तैयारी बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने अमेरिका के किसी भी उकसावे के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। साथ ही जवाबी कार्रवाई की कसम खाई है।

**उत्तर कोरिया हथियारों का परीक्षण रखेगा जारी**
उत्तर कोरिया की 2024 की रणनीति को लेकर बुलाई गई बैठक में किम जोंग की टिप्पणियों से पता चलता है कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु शस्त्रागार को आधुनिक बनाने के लिए हथियार परीक्षण जारी रखेगा। माना जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का असर उत्तर कोरिया की रणनीति पर प्रभाव डाल सकता है।

**युद्ध की तैयारियों को और तेज करने का आह्वान**
बता दें कि बुधवार को किम जोंग की पार्टी की पूर्ण बैठक के दौरान किम जोंग ने अमेरिका और उसके सहयोगियों को उत्तर कोरिया के खिलाफ कदम उठाने पर चेतावनी दी। किम जोंग ने अपनी सेना से युद्ध की तैयारियों को और तेज करने का आह्वान किया।

**अगले साल साइबर हमले के संकेत**
इधर, दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि उत्तर कोरिया अप्रैल में दक्षिण कोरियाई संसदीय चुनाव और नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले सैन्य उकसावे और साइबर हमले शुरू करेगा।

## अमेरिकी जासूसों पर नजर रखने के लिए उन्नत एआई सिस्टम का उपयोग कर रहा चीनः रिपोर्ट



**न्यूयॉर्क,** चीन की शीर्ष खुफिया एजेंसी अमेरिकी जासूसों और अन्य लोगों पर नजर रखने के लिए एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर रही है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी एआई सिस्टम "रुचि के व्यक्तियों" पर तत्काल डोजियर बना सकता है।
रिपोर्ट में आंतरिक मीटिंग मेमो का हवाला देते हुए कहा गया है, "एआई-जनरेटेड प्रोफाइल चीनी जासूसों को लक्ष्य चुनने और उनके नेटवर्क और कमजोरियों को इंगित करने की अनुमति देगा।"
चीन की मुख्य खुफिया एजेंसी, राज्य सुरक्षा मंत्रालय (एम.एस.एस.) ने अमेरिकी नागरिकों सहित व्यापक भर्ती के माध्यम से खुद को तैयार किया है।
रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ह्लएजेंसी ने चीन के नेता शी जिनपिंग के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बेहतर प्रशिक्षण, बड़े बजट और उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग के माध्यम से खुद को तेज किया है, ताकि देश दुनिया की प्रमुख आर्थिक और सैन्य शक्ति के रूप में अमेरिका को प्रतिद्वंद्वी बना सके।
एम.एस.एस. अमेरिकी जासूसों को चुनौती देने के लिए एआई का उपयोग उस तरह से किया जा रहा है जैसा सोवियत नहीं कर सका।
रिपोर्ट में, वाशिंगटन स्थित अनुसंधान संस्थान, स्टिमसन सेंटर में चीन कार्यक्रम के निदेशक युन सन ने कहा, "विशेष रूप से चीन के लिए, मौजूदा प्रौद्योगिकी या दूसरों के व्यापार रहस्यों का शोषण करना सरकार द्वारा प्रोत्साहित एक लोकप्रिय शॉर्टकट बन गया है।"
सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के उप निदेशक डेविड कोहेन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के तहत एजेंसी "चीनी अग्रिमों पर संग्रह की चुनौती को पूरा करने के लिए निवेश और पुनर्गठन कर रही है।"
कोहेन ने एक साक्षात्कार में कहा,ह्लहम लंबे समय से टैंकों की गिनती कर रहे हैं और मिसाइलों की क्षमता को समझ रहे हैं, जितना कि हम सेमीकंडक्टर या ए.आई. की क्षमता पर केंद्रित हैं।ह्व
चीन किन प्रौद्योगिकियों को लक्षित कर रहा है, इसकी बेहतर समझ पाने के लिए, सीआईए ने अमेरिकी अधिकारियों और विद्वानों से इस बारे में जानकारी मांगना शुरू कर दिया है कि चीनी कंपनियां क्या विकसित करने की कोशिश कर रही हैं।

## फ्रांस में रोके गए 25 भारतीयों यात्रियों को किया गया मुक्त

**पेरिस।** फ्रांस में रोके गए विमान के 25 भारतीय यात्रियों को मुक्त कर दिया गया है। ये यात्री शरण के लिए फ्रांस में रूक गए थे। फ्रांसिसी मीडिया ने यह जानकारी दी है।
पेरिस के पास चालोंस-वाट्री हवाई अड्डे पर चार दिन रुकने के बाद ये 25 यात्री उस उड़ान में शामिल नहीं थे, जो सोमवार दोपहर को मुंबई के लिए रवाना हुआ था। फ्रांस से भारत रवाना हुई उड़ान के 276 यात्रियों में से अधिकतर भारतीय थे।
अभियोजकों के हवाले से कहा गया कि स्थानीय न्यायाधीश ने इस आधार पर ह्यह्यऔपचारिकह्लह्ल रूप से उन्हें मुक्त करने आदेश दिया कि फ्रांस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर सीमा पुलिस के प्रमुख ने कानून द्वारा निर्धारित समय-सीमा में मामले को उनके पास नहीं भेजा था। फ्रांस में राजनीतिक आधार पर शरण के लिए आवेदन करने वाले 25 यात्रियों को मंगलवार को कथित तौर पर मुक्त कर दिया गया और उनमें से पांच को नाबालिग होने के कारण बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा गया। ये 25 लोग उन करीब 300 यात्रियों में से थे जो पिछले सप्ताह दुबई में रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस द्वारा संचालित विमान में सवार हुए थे। वे निकारागुआ जाने वाले थे, लेकिन 21 दिसंबर को पूर्वोत्तर फ्रांस के वेट्री हवाई अड्डे पर ईंधन भरने के दौरान गुप्त सूचना के बाद विमान को चार दिनों के लिए रोक दिया गया।
फ्रांस में रुके लोगों में से दो लोगों से पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तस्करी के संबंध में पूछताछ की। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ मानव तस्करी का आरोप हटा दिया गया क्योंकि यह स्थापित हो गया था कि यात्री अपनी मर्जी से विमान में सवार हुए थे।

## नवाज शरीफ के लिए राहत भरी खबर, चुनाव आयोग ने स्वीकार किया नामांकन; दो सीटों से लड़ रहे आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ क्या आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ सकेंगे? इस सवाल से गुरुवार को पर्दा उठ गया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार कर लिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था।
नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन लगे प्रतिबंध के बाद सवाल खड़े होने लगे कि क्या चुनाव आयोग उनके नामांकन पत्र को स्वीकार करेगा। हालांकि, नवाज शरीफ को आम चुनाव लड़ाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी और कहा जा रहा है कि चुनाव लड़ने पर लगा प्रतिबंध भी समाप्त हो गया है।

**कहां से चुनाव लड़ेंगे नवाज शरीफ?**
बता दें कि चुनाव आयोग को 73 वर्षीय नवाज शरीफ की उम्मीदवारी पर कोई आपत्ति नहीं है और उनका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है।

# पुतिन का मोदी को रूस आने का न्यौता, कहा- दुनिया में उथल-पुथल के बीच रूस-भारत के बीच मजबूत रिश्ते

**मॉस्को।** रूस की पांच दिनों की यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को अगले साल रूस आने का न्यौता दिया। इस दौरान पुतिन ने कहा कि अगला साल चुनाव के लिहाज से भारत के लिए बहुत व्यस्त रहने वाला है। चुनाव के लिए उन्होंने मोदी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनावी जीत किसी की भी हो, भारत-रूस के रिश्ते मजबूत और स्थिर बने रहेंगे।
भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी- 'आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं और एक निजी संदेश सौंपा। राष्ट्रपति पुतिन को उपराष्ट्रपति डेनिस मंतुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से हुई अपनी चचाओं से अवगत कराया। दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने के उनके मार्गदर्शन की सराहना की।'



इस बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएम मोदी शांतिपूर्ण तरीके से रूस-यूक्रेन विवाद को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कई मौकों पर इसका बार-बार उल्लेख किया। उन्होंने भारत-रूस संबंधों पर बात करते हुए कहा कि हम उर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में एक साथ हैं। हम पेट्रोल के साथ-साथ उच्च तकनीकी क्षेत्र में भी साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में काफी उथल-पुथल के बावजूद रूस और भारत के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने भारतीय नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि भारत तेजी से विकास कर रहा है।
इससे पहले भारतीय विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्री मर्गेई लावरोव से मुलाकात की। दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक में लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता कर अपनी विदेश नीति की ताकत को साबित कर दिया।